

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 229 | ग्वालियर, शुक्रवार, 9 जून 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए



## न्यूज ट्रैक

### गोवा जेल से भागने की कोशिश करने वाले कैदी के खिलाफ केस दर्ज

पणजी। गोवा पुलिस ने बर्देज की कोलवाले जेल से भागने की कोशिश करने वाले एक विचाराधीन कैदी के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस उपाधीक्षक जिवबा दलवी ने बताया कि शिकायत जेलर मुकुंद गवास ने दर्ज कराई थी। पुलिस ने कहा, जब नए प्रवेश ब्लॉक में कैदियों को मुक्त आवाजाही के लिए लाया गया था, तो आरोपी व्यक्ति प्रदीप खलको ने ग्राउंड फ्लोर की छत और गेट का सहारा लेकर परिसर की दीवार पर चढ़कर भागने की कोशिश की।

### गैंगस्टर जीवा की पत्नी अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं

**नई दिल्ली।** मारे गए गैंगस्टर संजीव माहेश्वरी उर्फ जीवा की पत्नी ने अपने पति के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पायल का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और राजेश बिंदल की वेकेशन बेंच के समक्ष मामले का जिक्र किया। गैंगस्टर चार्ट में शामिल पायल ने अपने पति जीवा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बेंच से एक दिन की अनुमति मांगी। उत्तर प्रदेश सरकार के वकील ने खंडपीठ के समक्ष दलील दी कि अगर उन्हें अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाती है तो इसपर राज्य सरकार को कोई आपत्ति नहीं होगी। पीठ ने कहा कि वह शुक्रवार को याचिका पर विचार करेगी। सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ता के वकील ने तीन बेटों और बेटी का हवाला देते हुए जीवा के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए एक दिन की अनुमति मांगी है। मुजफ्फरनगर के खूंखार शूटर जीवा की बुधवार शाम लखनऊ कोर्ट परिसर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह भाजपा विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड में सह-आरोपी था, जिसमें मुख्तार अंसारी भी आरोपी थे।

### लोक सभा अध्यक्ष बिरला से मिले कर्नाटक विधान सभा अध्यक्ष खादर



**नई दिल्ली।** कर्नाटक विधान सभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष यूटी खादर ने गुरुवार को नई दिल्ली में लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। कर्नाटक विधान सभा स्पीकर खादर ने लोक सभा अध्यक्ष के आधिकारिक आवास पर जाकर लोक सभा स्पीकर से मुलाकात की। बिरला ने खादर को कर्नाटक विधान सभा का स्पीकर चुने जाने पर नए पद और दायित्व की शुभकामनाएं देते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों को और समृद्ध बनाने की आशा जताई। बताया जा रहा है कि इस औपचारिक और शिष्टाचार मुलाकात के दौरान दौरान दोनों नेताओं के बीच विधायी कामकाज और परंपरा से जुड़े विविध विषयों पर चर्चा हुई। आपको बता दें कि, कर्नाटक विधान सभा चुनाव में प्रचंड बहुमत हासिल होने के बाद कांग्रेस की सरकार सत्ता में आ चुकी है। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक यूटी खादर पिछले महीने सर्वसम्मति से कर्नाटक विधान सभा के स्पीकर चुने गए हैं।

### गेमिंग एप से धर्म परिवर्तन मामले की जांच में पुलिस की मदद कर रही एनआईए




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ऑनलाइन गेमिंग के जरिए नाबालिगों के धर्मांतरण से जुड़े एक मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस की मदद कर रही है। एक अधिकारी ने यहां गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, यूपी पुलिस ने मामले में जांच एजेंसी की मदद का अनुरोध किया था। उन्होंने कहा, यूपी पुलिस करन शाहनवाज उर्फ बद्दो के विदेश भागने की आशंका के मद्देनजर उसके लिए लुकआउट सकरुलर (एलओसी) जारी करने की योजना बना रही है। पुलिस वर्तमान में उसकी तलाश में देश भर के कई राज्यों में छापेमारी कर रही है। पुलिस ने इस मामले में एक मौलाना को गिरफ्तार किया है, जो गाजियाबाद की जामा मस्जिद का मौलाना है। वह मस्जिद की 15 सदस्यीय समिति के सदस्य भी हैं। कान शाहनवाज उसका सहयोगी है और फिलहाल फरार है। गौरतलब है कि गाजियाबाद पुलिस को देश के अलग-अलग हिस्सों से चार नाबालिगों के धर्मांतरण की सूचना मिली थी। इनमें से एक फरीदाबाद, दूसरा चंडीगढ़ और बाकी दो गाजियाबाद के ही रहने वाले हैं। हालांकि यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है, क्योंकि गाजियाबाद पुलिस को कई अन्य राज्यों से लगातार ऐसे इनपुट मिल रहे हैं, जो इशारा कर रहे हैं कि कई जगहों पर बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हुआ है। 30 मई को गाजियाबाद के राजनगर निवासी एक व्यक्ति ने धर्मांतरण के एक मामले को लेकर कविनगर थाने में प्राथमिकी (प्रथम सूचना रिपोर्ट) दर्ज कराई। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका बेटा शुरू में ऑनलाइन गेमिंग में शामिल था और बाद में उसका धर्म परिवर्तन हुआ। प्राथमिकी में संजय नगर सेक्टर-23 मस्जिद के मौलवी अब्दुल रहमान और मुंबई के बद्दो नाम के एक अन्य व्यक्ति का नाम शामिल है। दोनों पर हिंदू लड़कों का ब्रेनवॉश करने और उनसे नमाज पढ़ाने का आरोप है। इस मामले में पुलिस ने 4 जून को मस्जिद के मौलवी अब्दुल रहमान को गिरफ्तार किया था।

## महिला सुरक्षा पर केवल घोषणा करती रही कांग्रेस सरकार- महिलाओं के कल्याण, उत्थान और सुरक्षा को लेकर मोदी सरकार ने किया कामः स्मृति ईरानी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री स्मृति ईरानी ने पिछले नौ सालों के दौरान मोदी सरकार के कामकाज और उपलब्धियों की जानकारी देते हुए यह दावा किया कि कांग्रेस की सरकार ने वर्ष 2013 में निर्भया फंड की घोषणा की थी, लेकिन खुद को घोषणाओं तक सीमित रखने वाली कांग्रेस सरकार ने, महिला सुरक्षा के लिए एक भी ऑपरेशनल प्रोजेक्ट नहीं किया। जबकि पिछले नौ सालों के दौरान मोदी सरकार ने निर्भया फंड के अंतर्गत राज्य सरकारों और भारत सरकार के अन्य प्रकल्पों के साथ 12 हजार करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स को अपरेज किया, 6,712 करोड़ रुपये के फंड को रिसीव करवाया और वर्तमान में प्रदेश सरकारों को मात्र इसी फंड से 4,923 करोड़ रुपये भारत सरकार दे चुकी है।

महिला कल्याण एवं उत्थान, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर पिछले नौ सालों के दौरान मोदी सरकार द्वारा किए गए कामकाज और उपबल्धियों को लेकर भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा कि साल 2014 से पहले अगर महिला किसी मुसीबत में होती थी तो उस समय भारत सरकार का कोई ऐसा प्रकल्प नहीं था, जिससे उन्हें मेडिकल व्यवस्था, पुलिस का सहयोग और कानूनी सहयोग एवं संरक्षण मिल पाता लेकिन सत्ता में आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के संरक्षण के लिए देश के हर जिले में वन स्टॉप सेंटर बनाने का आदेश दिया। इस तरह के 801 सेंटर बनाने को भारत सरकार ने मंजूरी दी और वर्तमान में देश में इस तरह के 733 सेंटर काम कर रहे हैं। भारत सरकार ने देश में इस तरह के तीन सौ और सेंटर खोलने के




लिए बजट को सुनिश्चित कर दिया है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि देश की हर आंगनबाड़ी को स्मार्ट फोन से जोड़ा गया और अब तक 11 लाख स्मार्ट फोन वितरित किए जा चुके हैं। देश के 13 लाख 90 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण ट्रैकर नामक व्यवस्था स्थापित की गई है और देश के 9 करोड़ से अधिक लाभार्थी इन योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। गर्भवती महिलाओं के खाते में सीधा कैश ट्रांसफर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के सौजन्य से प्रदेशों में महिला हेल्पलाइन चलाई जाती है। देश में 34 से ज्यादा महिला हेल्पलाइन ने भारत सरकार के इस प्रयास के माध्यम से एक करोड़ 26 लाख कॉल अटेंड किए जिसमें से 64 लाख महिलाओं की मदद हुई। अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई- इन 8 शहरों में सेफ सिटी प्रोजेक्ट के लिए फंड उपलब्ध करवा दिया गया है। हर पुलिस स्टेशन में महिला हेल्प डेस्क बनाने के संकल्प को साकार करने के लिए अब तक 13,550 हेल्प डेस्क विभिन्न थानों में बनवा दिए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने देश में 12 लाख से ज्यादा सेक्सुअल आफेंडर का डेटा तैयार होने की बड़ी जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार ने 1,023 फास्ट ट्रैक कोर्ट्स देश में स्थापित किए हैं जिसमें से 418 कोर्ट विशिष्ट रूप से पॉक्सो कोर्ट हैं। देश में 780 से ज्यादा जिलावार एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट्स काम कर रही हैं। उन्होंनें बच्चों के संरक्षण को लेकर किए गए कामों का हवाला देते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के समय वर्ष 2009 में बच्चों के संरक्षण के लिए सिर्फ 50 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया था जबकि मोदी सरकार ने इस साल 1,123 करोड़ रुपये का आवंटन किया है। उन्होंने महिलाओं के जनधन खाते, बेटियों के लिए सुकन्या खाते जैसी सरकार की कई योजनाओं से जुड़ी उपलब्धियों को आंकड़ों के साथ बताते यह यह कहा कि एक समय था जब सरकार कहती थी कि महिला का उत्थान करो, अब वक्त ऐसा आया है- जब हिंदुस्तान कहता है कि राष्ट का अगर उत्थान करना है तो महिलाओं का विकास आवश्यक है।

## सेना जमीन घोटाले में गिरफ्तार कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष जेल गए, ईडी को फिलहाल नहीं मिली रिमांड

**रांची।** रांची के बहुचर्चित सेना जमीन घोटाले में गिरफ्तार किए गए कोलकाता के दोनों बड़े कारोबारियों अमित अग्रवाल और दिलीप घोष को आज कड़ी सुरक्षा के बीच रांची स्थित पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग) कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में रांची के बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल भेज दिया गया। ईडी ने दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए पांच दिनों तक रिमांड पर लेने की अर्जी दी थी, लेकिन कोर्ट ने इसे मंजूर नहीं किया। ईडी अब कुछ दिनों के बाद उन्हें रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट के पास दरख्वास्त करेगी। इन दोनों व्यवसायियों पर रांची में सेना के कब्जे वाली साढ़े चार एकड़ जमीन के फर्जी दस्तावेज के आधार पर खरीद-फरोख्त में शामिल रहने का आरोप है। इस मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त आईएएस छवि रंजन के अलावा



आठ लोगों को पिछले ही महीने गिरफ्तार किया जा चुका है। ईडी ने उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ भी की है। अब दोनों व्यवसायियों से होनेवाली पूछताछ में कई और राज खुलने की संभावना है। जांच में यह बात सामने आई है कि फर्जी कागजात के आधार पर प्रदीप बागची नामक शख्स ने कोलाकाता के जगतबंधु टी इस्टेट के मालिक दिलीप घोष को यह जमीन बेची थी। इस कंपनी में अमित अग्रवाल भी सहयोगी हैं। कंपनी के दिलीप घोष को ईडी ने पहले समन किया था, लेकिन वे नहीं पहुंचे थे। इस फर्जीवाड़े का खुलासा सबसे पहले साउथ छोटानागपुर कमिश्नरी के कमीश्नर की जांच रिपोर्ट में पहले ही हो चुका था। बाद में ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। घोटाले में रांची के बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, सेना के कब्जे वाली जमीन के फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान और मोहम्मद सद्दाम को भी गिरफ्तार किया था।




### रवीना ने पाइन कोन के लिए ओनिर को कशिश रेनबो वॉरियर पुरस्कार से सम्मानित किया

**मुंबई।** अभिनेत्री रवीना टंडन ने हाल ही में फिल्मकार ओनिर को उनकी फिल्म पाइन कोन के लिए प्रतिष्ठित कशिश रेनबो वॉरियर पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्हें 14वें कशिश इंटरनेशनल क्वीर फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में यह पुरस्कार दिया गया। यह आयोजन विविधता, समावेश और सिनेमा की शक्ति को सेलिब्रेट करता है। फिल्म सामाजिक मानदंडों की सीमाओं से आगे जाते हुए समलैंगिक संबंधों की जटिलताओं को दर्शाती है, और एलजीबीटी प्लस समुदाय के अनुभवों पर प्रकाश डालती है। प्राइड मंथ और समलैंगिक विवाह को लेकर जारी हालिया बहस के कारण ओनीर के लिए कशिश रेनबो पुरस्कार का विशेष महत्व रखता है। ओनिर ने कहा, यह पुरस्कार अविश्वसनीय रूप से विशेष है, न केवल इसलिए कि यह प्राइड मंथ है, बल्कि इसलिए भी है क्योंकि यह कशिश है, और यह विशेष है कि प्यार का यह पुरस्कार मेरे शहर मुंबई में होता है। मैं इस पुरस्कार के लिए कशिश फिल्म फेस्टिवल और श्रीधर को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा, मैं अपनी दोस्त रवीना से यह पुरस्कार पाकर खुश हूं, जो आजीवन सहयोगी हैं। और मुझे खुशी है कि आज दर्शकों में मेरे दोस्त, मेरे सबसे बड़े सपोर्ट सिस्टम, मेरे निखिल और मेरे बिजनेस पार्टनर संजय सूरी मौजूद हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह पुरस्कार दुनिया भर के उन सभी देशों के लिए है जहां हमें अब भी अपराधी करार दिया जाता है, हमारी हत्या की जाती है और हमें अपनानित किया जाता है। यह उन्हें यह बताने के लिए है कि हम जीतेंगे और हम आपके बारे में सोचने हैं।

## हॉस्टल की छात्राओं से मिलें महिला पुलिसकर्मी पुरुष कर्मचारियों पर रखें नजरः राकांपा



**मुंबई।** सरकार द्वारा संचालित सावित्रीबाई फुले महिला छात्रावास में 18 वर्षीय लड़की से बलात्कार और उसकी हत्या के दो दिन बाद राकांपा का एक प्रतिनिधिमंडल यहां गुरुवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रजनीश सेठ से मिला और अपनी मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रतिनिधिमंडल ने अपने ज्ञापन में डीजीपी से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि महिला अधिकारी/कांस्टेबल अपने अधिकार क्षेत्र में महिला/लड़कियों के छात्रावासों का नियमित दौरा करें और उनकी समस्याओं के बारे में जानने के लिए उनसे बातचीत करें। उन्होंने सेठ से आग्रह किया कि वे स्थानीय रोमियो या ऐसे छात्रावासों के संदिग्ध पुरुष कर्मचारियों और वहां रहने वाली महिलाओं के साथ उनके व्यवहार के बारे में गुप्त डोजियर तैयार करें ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। राकांपा नेताओं ने कहा कि पुलिस को इन छात्रावासों के पुरुष या निजी कर्मचारियों पर भी नजर रखनी चाहिए और एहतियात के तौर पर महाराष्ट्र से बाहर के लोगों के बारे में पूरी जानकारी लेनी चाहिए। एनसीपी के मुख्य प्रवक्ता महेश तापसे ने कहा, हमने यह भी मांग की है कि सरकार और पुलिस को भविष्य में ऐसी किसी भी घटना को रोकने के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा बनाए गए कड़े शक्ति अधिनियम के बारे में जागरूकता अभियान शुरू करना चाहिए। मुंबई छात्रावास त्रासदी के बाद एमवीए घटकों - कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना (उद्धव गुट) - के अलावा प्रमुख सामाजिक नेताओं, महिला कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने राज्य सरकार की जमकर आलोचना की है। वे महाराष्ट्र के विभिन्न हिस्सों, शेष भारत और यहां तक कि विदेशों से शहर में काम करने के लिए आने वाली महिलाओं/लड़कियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दे रहे हैं। राज्य सरकार ने चल रही पुलिस जांच के अलावा, घटना की जांच और राज्य के सभी महिला छात्रावासों में सुरक्षा के मुद्दे की जांच के लिए दो अलग-अलग समितियों का गठन किया है।

## जब तक सीमा पर शांति नहीं होगी, चीन से संबंध सामान्य नहीं होंगेः जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि चीन ने 2020 में गलवान गतिरोध के दौरान समझौतों का उल्लंघन कर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की थी, इसलिए जब तक सीमाओं पर शांति नहीं होगी, तब तक द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति नहीं हो सकती है। राजग सरकार के नौ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को उजागर करने के अवसर पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि जब पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों की बात आती है, तो सीमा पार आतंकवाद की चुनौतियां हैं, जिसे भारत ने कभी बर्दाश्त नहीं किया।

उन्होंने कहा, हम चीन के साथ शांति चाहते हैं, लेकिन अगर शांति समझौते का उल्लंघन होता है तो क्या किया जा सकता है। हालांकि बातचीत होती है। हमने गलवान घटना से ठीक पहले चीन से बात की थी, हमने उन्हें अपने सैनिकों की आवाजाही के बारे में बताया। मैंने गलवान के बाद उनसे सिर्फ एक दिन बात की। हमें



पीछे हटने का रास्ता खोजना होगा, अन्यथा सीमा की स्थिति में सुधार नहीं होने पर संबंध (चीन के साथ) बिगड़े रहेंगे। उन्होंने कहा, यह चीन द्वारा भूमि पर कब्जा करने के बारे में नहीं है (उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों के जवाब में कहा कि चीन ने गलवान के बाद महत्वपूर्ण भूमि पर कब्जा कर लिया है)। दोनों पक्षों ने आगे की तैनाती की। जयशंकर ने कहा, उन्होंने (राहुल) पैंगोंग त्सो झील पर चीन द्वारा बनाए जा रहे एक पुल का उल्लेख किया। लेकिन वह 1962 में चीन द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्र पर था। चीन ने 1950 के दशक से भारत में क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है। हालांकि 2020 में हमें आगे की तैनाती करनी पड़ी, जिसके कारण तनाव है। उन्होंने कहा, लोग इसे समझ रहे हैं कि यह अब हो गया है। हमारी अपनी सीमाओं की लंबे समय तक उपेक्षा की गई और जब भी सीमा के बुनियादी ढांचे को विकसित करने के प्रयास किए गए, पर्यावरण के मुद्दे एक मुद्दा बन गए। जयशंकर ने बताया 2014 तक हमारा सीमा बुनियादी ढांचा बजट 4,000 करोड़ रुपये था, जो अब 40,000 करोड़ रुपये तक पहुंचा गया है इससे पहले एनडीए सरकार के नौ वर्षों के दौरान भारत की विदेश नीति का एक रिपोर्ट कार्ड पेश करते हुए जयशंकर ने कहा कि दुनिया के बड़े हिस्से अब भारत को एक विकास भागीदार के रूप में देखते हैं और वैश्विक दक्षिण भारत को एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में देखता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत महत्वपूर्ण आर्थिक प्रभाव डाल रहा है, जिसे विश्व स्तर पर मान्यता मिली है।

# डा.अंबेडकर के सपनों का भारत बनाती मोदी सरकार : घनश्याम पिरोनिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** मोदी सरकार के मंत्रिपरिषद में आज दलितों की भागीदारी दस प्रतिशत से अधिक है। देश में पहली बार दलित समाज को इतना प्रतिनिधित्व हासिल हुआ है। कांग्रेस सरकारों में भी इतनी संख्या में दलित मंत्रियों को सरकार में शामिल होने का अवसर नहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में अनुसूचित जाति समाज से जुड़े विधायक और सांसदों को एवं जिला पंचायत अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष एवं नगरीय निकाय चुनाव में नेतृत्व देकर समाज को गौरवान्वित किया है। केंद्र और राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति दलित समाज के विकास के लिए अनेकों योजनाओं के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंतोदय की विचारधारा से आत्मनिर्भर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। यह बात उन्होंने सर्किट हाउस पर प्रिंट मीडिया एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से रूबरू होते हुए कहीं।मध्यप्रदेश बांस विकास निगम के अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक दर्जा कैबिनेट मंत्री प्राप्त घनश्याम पिरोनिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों को मंत्रिमंडल में शामिल किया था और जब जिन का परिचय लोकसभा सदन में प्रधानमंत्री द्वारा कराया जा रहा था तो कांग्रेस के लोगों ने इसका विरोध किया और सदन में परिचय होने से रोका गया इससे यह प्रमाणित हो गया कि कांग्रेस अनुसूचित जाति विरोधी पार्टी है जिसमें नैतिकता नहीं यह वह पार्टी है जो हमेशा से एक दलित समाज को झूठ बोलकर भ्रमित करने वाली कांग्रेस ने हमेशा उनके वोट पर राजनीति करने का प्रयास किया एक भी अनुसूचित जाति समाज का मुख्यमंत्री उपमुख्यमंत्री और नगरीय निकाय लोगों से ग्राम पंचायतों तक समाज को नेतृत्व नहीं दिया आज अनुसूचित जाति की हितैषी बनकर फिर वोट कमाने का षड्यंत्र चाहिए यह वह कांग्रेस है जिसने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को लोकसभा सदन में जाने से रोक कर दलित समाज को छुरा भोंकने का काम किया है। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की अनेकों योजनाओं ने अनुसूचित जाति समाज के व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए योजना का लाभ दिया है डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के कई स्थान है जन्म से लेकर मृत्यु तक उनका अच्छे स्मारक बना करके आगे बढ़ाने का काम किया है मध्य प्रदेश महू में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का स्मारक बनाकर प्रदेश की शिवराज सरकार ने करोड़ों रुपए की राशि आवंटन कर समाज को गौरवान्वित करने का काम किया।उन्होंने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर ने देश की आजादी के बाद जिस भारत का सपना देखा,उस सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार पूरा कर रही है।बाबा साहेब के आदर्शों के पथ पर मोदी सरकार अनवरत गतिशील है। जिस सामाजिक न्याय की लड़ाई के लिए बाबा साहेब ने पूरा जीवन समर्पित कर दिया, आज वह सामाजिक न्याय, फसाना नहीं हकीकत बन चुका है।मोदी सरकार के मंत्रिपरिषद में आज दलितों की भागीदारी दस प्रतिशत से अधिक है। देश में पहली बार दलित समाज को इतना प्रतिनिधित्व हासिल हुआ है। कांग्रेस की नेहरू, इंदिरा, राजीव गांधी या मनमोहन की सरकार में भी इतनी संख्या में दलित मंत्रियों को सरकार में शामिल



होने का अवसर नहीं मिला।राष्ट्र निर्माण में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सभी महापुरुषों को अगर पहली बार किसी सरकार ने भेदभाव रहित सम्मान देने का काम किया है तो वह नरेंद्र मोदी की सरकार है। मोदी सरकार ने संविधान निर्माता डा. भीमराव आंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को उनकी जयंती पर होने वाले सेमिनारों तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि कई बड़े निर्णय कर उनके योगदान को धरातल पर उतारकर अमिट बनाने की पहल की है। देश के बहुजनों के आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय की लड़ाई लड़ने वाले संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर, की विरासत को जिस तरह से मोदी सरकार बढ़ा रही है, उसे उनके सपनों का भारत बन रहा है। आंबेडकर ऐसे भारत का सपना देखते थे, जहां जातीय आधार पर किसी तरह का कोई भेदभाव न हो। जहां आर्थिक और सामाजिक हर क्षेत्र में वंचित तबके को पूर्ण प्रतिनिधित्व मिले। नरेंद्र मोदी की सरकार में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के मंत्रियों का अच्छा प्रतिनिधित्व है। राज्यों में जहां एनडीए की सरकार है,वहां भी वंचित तबके के पहले से अधिक मंत्री बने हैं। जिससे दलित,आदिवासी वर्ग की समस्याओं का निराकरण तेजी से हो रहा है। शिक्षा से लेकर नौकरियों में दलित वर्ग की भागीदारी बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन में डॉ. आंबेडकर को लेकर कितना अपार सम्मान है, केंद्र सरकार में उनके सहयोगी के रूप में कार्य करते हुए मैने महसूस किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कई निर्णयों से बाबा साहेब के प्रति सम्मान प्रदर्शित किया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डा. भीमराव आंबेडकर जी के 125वें जयंती वर्ष के रूप में 26 नवंबर 2015 से %संविधान दिवस% मनाने की क्रांतिकारी पहल की। यह बाबा साहेब के प्रति सबसे सच्ची श्रद्धांजलि रही। संविधान निर्माता को सबसे योग्य सम्मान से मोदी सरकार ने नवाजने की कोशिश की। दरअसल, 26 नवम्बर 1949 को संविधान को तैयार कर देश को समर्पित करने में बाबा साहेब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।लिहाजा, मोदी की सरकार ने 26 अप्रैल को आधिकारिक रूप से संविधान दिवस की घोषणा कर डॉ. भीमराव आंबेडकर के महान योगदान को सम्मान देने की पहल की।बाबा साहेब की यादों को चिरस्थाई बनाने और उनकी विरासत के संरक्षण की दिशा में एनडीए सरकार ने कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। दिल्ली के जिस 26, अलीपुर रोड हाउस में 6 दिसंबर 1956 कोआंबेडकर चिर निद्रा में लीन हुए थे, वहां केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्मारक बनवाया है। सेंट्रल दिल्ली के जनपथ मार्ग पर अपनी भव्यता और बड़े आयोजनों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुके डा. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर का निर्माण भी मोदी सरकार ने कराया। दिसंबर 2017 में अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर को राष्?ट्र को समर्पित किया गया था।उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि जितनी भी केंद्र राज्य सरकार की योजनाएं चल रही है हर योजनाओं में अनुसूचित जाति समाज के लोगों को बढ़ा चढ़ाकर योजना का लाभ दिया जा रहा है हमारी केंद्र और राज्य सरकार पूर्णतया जनहित ऐसी सरकार है। उन्होंने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी वोटों की राजनीति नहीं करती वह सामाजिक समरसता कि हमेशा बात करती रही है पार्टी की विचारधारा है। उन्होंने कहा कि यह देश सर्व समाज के साथ आगे बढ़े और उन्होंने कहा अनुसूचित जाति समाज से जुड़ी सभी वर्गों को ध्यान में रखकर जन कल्याणकारी योजनाएं बनाई जा रही हैं।पूर्व की कॉन्ग्रेस की सरकारें डा.भीमराव आंबेडकर को लेकर केवल मुंह से बातें करतीं रहीं, लेकिन धरातल पर उनकी यादों को चिरस्थाई बनाने के लिए कुछ नहीं किया। लेकिन, मोदी सरकार ने देश ही नहीं दुनिया में बाबा साहेब के विचारों को फैलाने के लिए कई बड़े कार्य किए। पूर्व की सरकारों में बाबा साहेब को जो सम्मान मिलना चाहिए था,वह नहीं मिला। आज मोदी सरकार इस कसक को पूरा कर रही है।प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली से लेकर लंदन तक बाबा साहेब की यादों को चिरस्थाई बनाने की पहल की है। लंदन में वकालत की पढ़ाई के लिए बाबा साहेब जिस स्थान पर रहा करते थे, वहां पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आकर्षक स्मारक का निर्माण कराया है कवि कांग्रेस की सरकारों के मन में यह भाव नहीं आया कि जिसने भारत का संविधान लिखा हो उनके इस मारो को को हम महापुरुषों की तरह जोड़े लेकिन कांग्रेस की नीति में महापुरुषों का सम्मान कभी नहीं होता यह सम्मान सिर्फ भारतीय जनता पार्टी की सत्ता और संगठन में ही संभव है।पत्रकार वार्ता में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री सुरेश मालवीय, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरविंद्र बैहोरिया,अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष पिंकी सागर,विधायक प्रतिनिधि सुनील बाल्मिक,पार्षद मनोज अर्गल,मंडल अध्यक्ष डॉ राम कुमार शाक्य, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# सीरवी समाज कुक्षी के आधार स्तम्भ रहे समाज सेवी का निधन

**पुष्पाजंली टुडे**

**कुक्षी।** नगर के नयापुरा स्तिथ सिर्वी समाज के मोहन मुलेवा के पूज्य पिताश्री वरिष्ठ समाजसेवी बाबुलाल मुलेवा का गुरूवार को आकस्मिक निधन हो गया । उनके निधन की खबर सुनकर समाज एवं आसपास के लोगों में शोक की लहर छा गई.समाज मे उनका योगदान सराहनीय था उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज कार्यो मे समर्पित कर दिया। सिर्वी समाज अध्यक्ष कांतिलाल गेहलोत ने गहरी संवेदना जताते हुए कहा दिवंगत बाबुलाल जी मुलेवा कई वर्षो से समाज सेवा करते आ रहे थे वे समाज मे कोठारी के साथ ही हर समाजिक कार्य को



निस्वार्थ भाव से समाज सेवा कर रहे थे वे समाज सकल पंच समिति में वरिष्ठ पंच की भूमिका मे थे साथ हि सरल स्वभाव के धनी होने के साथ साथ मृदुभाषी भी थे। समाजिक व्यक्ति के निधन होने से अपूर्ण क्षति हुई है जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है।स्वर्गीय श्री बाबुलाल मुलेवा को श्री आई माताजी चौक मे समाज सकल पंच समिति,श्री रामायंण मंडल,श्री अम्बिका तन्दुरा भजन मंडल के सदस्यों ने व श्री उत्तरमुखी हनुमान मंदिर समिति ने मंदिर प्रांगण चौक मे शाल व पुष्पमाला व् समाज् की माता बहने घरो की गेलरियों से पुष्प वर्षा कर नम आँखों से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थेअंतिम यात्रा मे भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल,पूर्व विधायक व पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष मुकामसिंह किराड़े, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष लोकेश चौहान,पूनम कसेरा,ओ पी पाटीदार व समाज संगठन श्री मुक्तेश्वर महादेव मुक्तिधाम सेवा समिति कार्यकारणी व् गणमान्य बंधु मौजूद थे।

# श्री आईमाताजी मन्दिर बड़गाँवडा की चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धार्मिक हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न

**पुष्पाजंली टुडे**

**पाली।** रानी निकटवर्ती गाँव बड़गाँवडा में नवनिर्मित श्री आईमाताजी मन्दिर (वडेर) की चार दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव बड़े ही श्रद्धा व भक्तिभाव वातावरण में 2 जून शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम व धार्मिक हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। चार दिवसीय महोत्सव के इस कार्यक्रम में नित्य दिन गाँव मे मेला जैसा माहौल रहा ओर दिन भर अलग अलग धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न होते गए। श्री आईमाताजी मन्दिर व पूरे गाँव के देवी देवताओं के मंदिरों को रोशनी के प्रकाश से दुल्हन की तरह सजाए गए। चार दिवसीय महोत्सव में प्रतिदिन रात्रि में जागरण का भी आयोजन रखा हुआ था। भजन गायक शंकर टोक, दुर्गा जसराज व श्याम पालीवाल ने अपने भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन कलाकारों द्वारा श्री आईमाताजी सहित सभी देवी देवताओं के सत्संगी मनोहारी भजन मधुर वाणीयो में प्रस्तुति दी। बालक, बालिकाओं के साथ बड़े बुजुर्ग व महिलाओं ने हर शाम श्री आईमाताजी के नाम भजन संध्या में भक्ति के साथ साथ भजनों का भरपूर आनन्द लिया। जिसमे बोलीदाताओं ने श्रद्धा व आस्था का भाव संजोकर बढ़ चढ़कर भाग लिया। दीवान साहब के आगमन पर गाजे - बाजे संग लाभार्थी परिवार द्वारा वैल बधावणा एवं दीवान साहब को टिकने के चढ़ावे के लाभार्थी परिवार द्वारा विधिवत पूजा - अर्चना की प्रक्रिया पूर्ण कर बधावणा के साथ साथ स्वागत में भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। शोभायात्रा में एक जैसी वेषभूषा में बालिकाएं, महिलाएं व युवागण ढोल व



बैंडबाजों की धुन पर थिरके। गाँव के मुख्य मार्गो से होते हुए ढोल बाजो के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई जिसमें बालिकाओं व महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया साथ मे कलशयात्रा में समाज की महिलाएं मंगल गीत गाते हुए चल रही थी और आईमाताजी के जयकारों से सम्पूर्ण बड़गाँवडा गाँव गुज उठा। महोत्सव के तहत आयोजित यज्ञ में मुख्य यजमानों सहित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में सपत्नीक पूर्णाहुति देव धर्मलम अर्जित किया। दीवान साहब के रात्रि मंच आगमन पर दीपक व पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया गया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिन 02 जून को प्रातः कालीन वेला में धर्मगुरु दीवान माधवसिंह के कर कलमों द्वारा शुभ मुर्हत में बोलियों के लाभार्थियों द्वारा गाजो - बाजो व जयकारों के साथ मन्दिर में श्री आईमाताजी सहित विभिन्न देवी देवताओं की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा, पाट स्थापना, अखण्ड ज्योत स्थापना के साथ मन्दिर पर स्वर्ण कलश व अमर ध्वजा की स्थापना की गई। इस मौके पर आईमाताजी के जयकारों से वातावरण धर्ममयी बन गया। नवनिर्मित श्री आईमाताजी मन्दिर की प्राण प्रतिष्ठा आईपन्थ के धर्मगुरु दीवान माधवसिंहजी के सानिध्य में हर्षोल्लास से मनाई गई। यहां धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए धर्मगुरुजी ने कहा कि श्री आईमाताजी से प्रार्थना करे कि बुद्धि, विचार, आचरण सही रखना। सबका भला हो। आईपन्थ में अविश्वास नाम की कोई चीज नही है। जैसा करोगे वैसा ही फल मिलेगा। धर्म के प्रति आस्था सदैव बनी रहे। कभी भी किसी का बुरा मत सोचो। श्री आईमाताजी के वर्तमान में दिए चमत्कारों के बारे में भी विस्तरित जानकारी दी गई। विभिन्न वडेरो से पधारे हुये पदाधिकारीयो, जमादारी, कोटवालो का स्वागत सत्कार किया गया। इस महोत्सव में समाज के अनेक गणमान्य बन्धुओ ने भाग लिया। बड़ी संख्या में समाज के प्रवासी बन्धुओ सहित आसपास के गांवों के समाज बन्धुओ ने भी इस भव्य आयोजन में अपनी शिरकत की। मंच संचालन घीसाराम सीरवी विजोवा व प्रेम सीरवी नवागुड़ा वालो ने किया। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य रूप देने को लेकर कोटवाल नेनाराम परिहार व जमादारी चेलाराम गेहलोत ने सम्पूर्ण समाज बन्धुओ का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया।यह जानकारी सीरवी विकास मण्डल विरार संस्था के मीडिया प्रभारी नगाराम एस. गेहलोत बड़गाँवडा द्वारा दी गई।

# मुख्यमंत्री ने दंदरौआ धाम पहुंचकर हनुमान जी के दर्शन एवं पूजा अर्चना की

## प्रदेश की उत्तरोत्तर तरक्की, खुशहाली और नागरिकों की सुख-समृद्धि की कामना की

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को अल्प प्रवास पर भिण्ड जिले के दंदरौआ धाम पहुंचे जहां उन्होंने सखी रूप श्री हनुमान जी के दर्शन कर पूजा अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की उत्तरोत्तर तरक्की, खुशहाली और नागरिकों की सुख-समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी उपस्थित थे।पूजा अर्चना के पश्चात मुख्यमंत्री श्री चौहान, केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर महंत श्री रामदास जी महाराज से भेंट कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने 69.28 लाख की लागत के 04 विकास कार्यों का किया भूमिपूजनदंदरौआ धाम परिसर में ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रिमोट दबाकर 69.28 लाख रुपए की लागत के चार विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। जिन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया उनमें 14.98 लाख की लागत से नक्षत्र वाटिका,



15 लाख की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 14.80 लाख की लागत से नवीन तालाब निर्माण कार्य, 24.50 लाख की लागत से नवीन डग टेंक निर्माण शामिल हैं।मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने दंदरौआ धाम मंदिर परिसर में ही अशोक का पौधा रोपा। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय,अनुसूचित जाति (अजा) मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य,संत रविदास हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम अध्यक्ष रणवीर जाटव,विधायक भिण्ड संजीव सिंह कुशवाह,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सिंह भदौरिया,भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया,पार्टी पदाधिकारी केपी सिंह भदौरिया,नरेंद्र सिंह कुशवाह,श्रीमती कृष्णकांता तोमर, चंबल रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुशांत सक्सेना,कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

उपलब्ध हैं।
फाइनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने और प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

## श्री पांचाल विश्वकर्मा कल्याण समिति कोच उत्तर प्रदेश द्वारा

# 16वा सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन में 10कन्याओं का विवाह संपन्न

**महेंद्र शर्मा उप संपादक**
**पुष्पांजलि टुडे**

पांचाल विश्वकर्मा कल्याण समिति के द्वारा दिनांक 06/06/2023 को कोच में होलका देवी माता मंदिर पर विश्वकर्मा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे विश्वकर्मा समाज कि 10 कन्याओं का विवाह संपन्न हुआ।विवाह सम्मेलन के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन जी , एवं अध्यक्षता लालाराम विश्वकर्मा पूर्व मजिस्ट्रेट झांसी सहित समाज के गडमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया।विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष राजू विश्वकर्मा एवं सभी समिति के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया कई जगह की कमेटी एवं विश्वकर्मा जन संगठन म.प्र.के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.बेताल विश्वकर्मा, एवं विश्वकर्मा जन



संगठन म.प्र.ग्वा.जिला मीडिया प्रभारी पवन विश्वकर्मा(पत्रकार)जी और डॉ. पुनीत विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष दतिया (श्री विश्वकर्मा महापंचायत ) एवम विश्वकर्मा युवा कल्याण सेवा समिति इंदरगढ़ से रामप्रताप पांचाल, संजय विश्वकर्मा, डॉ.पुनीत विश्वकर्मा, छोटू विश्वकर्मा, सुरेंद्र, श्रीराम, हरिलाल गौड़ इत्यादिविश्वकर्मा जन संगठन मौ नगर अध्यक्ष डॉ.गोविंद विश्वकर्मा , उपाध्यक्ष राजीव विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष कार्तिकेय विश्वकर्मा,सौरभ जीतू विश्वकर्मा,,इत्यादि,,,मा.कालीचरण विश्वकर्मा सदका जिला अध्यक्ष दतिया ग्रामीण दिनेश विश्वकर्मा खिरिया जिला सचिव दतिया कल्लू विश्वकर्मा भांडेर जिला उपाध्यक्ष दतिया शशिकांत विश्वकर्मा भांडेर प्रेम नारायण विश्वकर्मा ततारपुर पातीराम विश्वकर्मा भांडेर जगत राम विश्वकर्मा सालोन अशोक विश्वकर्मा भांडेर भागीरथ विश्वकर्मा भांडेर सुनील विश्वकर्मा भांडेरविजय विश्वकर्मा डबरा कोंच समिति द्वारा सब का फूल माहाला पहना कर स्वागत किया सम्मानित पत्र देकर सब का सम्मान किया?

# सांसद वी डी शर्मा से माधवेंद्र सिंह के नेतृत्व में मिला धान मील संचालक मंडल,सौंपा मांग पत्र

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजली टुडे की खबर**

विगत दिनों एफसीआई विभाग से जारी आदेश के बाद से ही धान मील संचालकों की चिंताएं बढ़ने लगी हैं जारी आदेश के अनुसार मील से पहले जो चावल नान विभाग में जमा होता था वो आदेश के बाद अब सीधे एफसीआइ विभाग में जमा होगा जबकि मील संचालकों को प्राप्त धान स्नष्ट्ढ के मानकों को पूरा नहीं करती थी तो उससे निकला चावल स्नष्ट्ढ के मानकों को कैसे पूरा कर सकता है ऐसी स्थिति में चावल अस्वीकृत होने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और धान मील संचालकों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।इसके अलावा जारी आदेश में 100 प्रतिशत चावल स्नष्ट्ढ विभाग में ही जमा होने की बात है जबकि पिछले कई वर्षो से धान मील संचालकों को उनकी सुविधा अनुसार 5:2 (5 ट्रक नान में और 2 ट्रक एफसीआई विभाग में) या अन्य अनुपात में चावल जमा करने का विकल्प दिया जाता रहा है जिससे धान मिल संचालक काफी हद तक आर्थिक नुकसान से बचे रहते थेइन्ही सब बिंदुओं को लेकर परेशान धान मील संचालक प्रतिनिधिमंडल पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष माधवेंद्र सिंह के नेतृत्व में खजुराहो लोक सभा के सांसद वी डी शर्मा से मुलाकात कर संबंधित विषय पर चर्चा की और मांग पत्र सौंप कर समस्या के निराकरण की बात रखी।

(आदेश से समस्या क्यो)पूरे प्रदेश में धान खरीदी और भंडारण नान विभाग के निर्देशन में उनके ही कर्मचारियों द्वारा किया जाता है इस वर्ष जिले में खरीदी के दौरान जम कर धांधलेबाजी करते हुए अमानक स्तर को धान खरीदी



कर भंडारण कर लिया गया ऐसा मामला पवई अंतर्गत रैकरा बैयरहाउस ने अखबारों में खूब सुर्खियां बटोरी थीं।और यही धान मील संचालकों को दी जाती रही है जिसकी वजह से निकलने वाला चावल भी एफसीआई विभाग के मानकों को पूरा नहीं कर सकता और लेने से इंकार कर सकता है जिसका पूरा आर्थिक नुकसान केवल मिलर को होना तय है,जबकि धांधलेबाजी और भ्रष्टाचार नान विभाग की भूमिका संदिग्ध है।

## किसने क्या कहा

मील संचालकों के हितों का ध्यान रखते हुए इसपर विभाग में चर्चा कर निराकरण का प्रयास करता हु

**वी डी शर्मा**
**सांसद**
**खजुराहो लोक सभा**
**प्रदेश अध्यक्ष बीजेपी**

मील संचालकों की परेशानी को देखते हुए माननीय वी डी शर्मा जी से व्यक्तिगत मिलकर समस्या के निराकरण का अनुरोध किया है ,माननीय के आश्वासन से उम्मीद बंधी है की मील संचालकों के साथ न्याय होगा

**माधवेंद्र सिंह**
**पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष**
**पन्ना**

भारतीय खाद्य निगम के आदेश से मील संचालकों को आर्थिक नुकसान होगा साथ ही आज तक विभाग स्थान और दर तय नहीं कर पाया ये भी एक विसंगति है,इन्ही सब विषयों को लेकर माननीय सांसद जी के संज्ञान में लिखित में लाया गया है

**अंशुल तिवारी**
**अध्यक्ष डायमंड पन्ना राइस मील यूनियन**

एफ सी आई विभाग केंद्र आधीन विभाग है जिससे आदेशों का अनुपालन हमारी जिम्मेदारी है रही बात अमानक स्तर की धान की तो ये गलत आरोप है हमने केवल मानक स्तर की धान ही मील संचालकों को उपलब्ध कराई है,

**राजेश शाकल्य**
**डीएम**
**राज्य खाद्य आपूर्ति निगम**
**पन्ना**

# सीपीआर क्या है और कैसे देते है ...डा. प्रमोद शर्मा मेडीकल ऑफीसर अम्बाह

**केशब पंडित पत्रकार अम्बाह...**

**अम्बाह...** डा. प्रमोद शर्मा जी बताते है कि सीपीआर का मतलब है कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन। यह भी एक तरह की प्राथमिक चिकित्सा यानी फर्स्ट एड है। जब किसी पीड़ित को सांस लेने में दिक्कत हो या फिर वो सांस न ले पा रहा हो और बेहोश जो जाए तो सीपीआर से उसकी जान बचाई जा सकती है। बिजली का झटका लगने पर, पानी में डूबने पर और दम घुटने पर सीपीआर से पीड़ित को आराम पहुंचाया जा सकता है। हार्ट अटैक यानी दिल का दौरा पड़ने पर तो सबसे पहले और समय पर सीपीआर दे दिया जाय तो पीड़ित की जान बचाने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। अगर किसी पीड़ित को दिल का दौरा पड़ जाय तो सबसे महत्वपूर्ण है कि प्राथमिक चिकित्सा देने वाला व्यक्ति खुद ना घबराए और पूरा धैर्य रखे। किसी भी तरह की फर्स्ट एड देने से पहले एंबुलेंस को कॉल करे या फिर हॉस्पिटल को सूचित करे की आप बहुत ही कम समय में हार्ट अटैक के मरीज को लेकर वहां पहुंचने वाले हैं।पीड़ित के हाल की जांच तुरंत करें। ये देखने की कोशिश करें कि मरीज होश में है कि नहीं। उसकी सांस चल रही है कि नहीं। अगर उसकी सांस चल रही है तो मरीज को आराम से बिठायें और उसे रिलैक्स कराएं। मरीज के कपड़ो को ढीला कर दे। अगर मरीज को पहले से ही हार्ट की समस्या है और वो कोई दवाएं लेता हो , तो पहले उसे वही दवा दें जो वो लेता रहा है।यदि मरीज को होश नहीं आ रहा हो, उसके दिल की धड़कने बंद हो गयी हो या साँस नहीं चल रही हो तो सीपीआर प्रक्रिया अपनाएं।कैसे देते हैं **सीपीआर**-सीपीआर क्रिया करने में सबसे पहले पीड़ित को किसी ठोस जगह पर लिटा दिया जाता है और प्राथमिक उपचार देने वाला व्यक्ति उसके पास घुटनों के बल बैठ जाता है।उसकी नाक और गला चेक कर ये सुनिश्चित किया जाता है कि उसे सांस लेने में कोई रुकावट तो नहीं है। जीभ अगर पलट गयी है तो उसे सही जगह पर उंगलियों के सहारे लाया जाता है।सीपीआर में मुख्य रुप से दो काम किए जाते हैं। पहला छाती को दबाना और दूसरा मुँह से सांस देना जिसे माउथ टु माउथ रेस्पिरेशन कहते हैं। पहली प्रक्रिया में पीड़ित के सीने के बीचोबीच हथेली रखकर पंपिंग करते हुए दबाया जाता है। एक से दो बार ऐसा करने से धड़कनें फिर से शुरू हो जाएंगी। पंपिंग करते समय दूसरे हाथ को पहले हाथ के ऊपर रख कर उंगलियो से बांध लें अपने हाथ और कोहनी को सीधा रखें।अगर पम्पिंग करने से भी सांस नहीं आती और धड़कने शुरू नहीं होतीं तो पम्पिंग के साथ मरीज को कृत्रिम सांस देने की कोशिश की जाती है।ऐसा करने के लिए हथेली से छाती को 1 -2 इंच दबाएं, ऐसा प्रति मिनट में 100 बार करें। सीपीआर में दबाव और कृत्रिम सांस का एक खास अनुपात होता है। 30 बार छाती पर दबाव बनाया जाता है तो दो बार कृत्रिम साँस दी जाती है। छाती पर दबाव और कृत्रिम साँस देने का अनुपात 30 :02 का होना चाहिए। कृत्रिम सांस देते समय मरीज की नाक को दो उंगलियों से दबाकर मुंह से साँस दी जाती है। ऐसा इसलिए किया जाता है क्योंकि नाक बंद होने पर ही मुंह से दी गयी सांस फेफड़ों तक पहुंच पाती है।सांस देते समय ये ध्यान रखना है कि फर्स्ट एड देने वाला व्यक्ति लंबी सांस लेकर मरीज के मुंह से मुंह चिपकाए और धीरे धीरे सांस छोड़ें। ऐसा करने से मरीज के फेफड़ों में हवा भर जाएगी। इस प्रक्रिया में इस बात का भी ध्यान रखना होता है कि जब कृत्रिम सांस दी जा रही है तो मरीज की छाती ऊपर नीचे हो रही है या नहीं। ये प्रक्रिया तब तक चलने देनी है जब तक पीड़ित खुद से सांस न लेने लगे। जब मरीज खुद से साँस लेने लगे, तब ये प्रकिया रोकनी होती है। सीपीआर अगर किसी बच्चे को देनी है तो विधि में थोड़ा सा बदलाव होता है। बच्चों की हड्डियों की शक्ति बहुत कम होती है इसलिए दबाव का विशेष ध्यान रखा जाता है। अगर 1 साल से कम बच्चों के लिए सीपीआर देना हो तो सीपीआर देते वक्त ध्यान रखे 2 या 3 उंगलियों से ही छाती पर दबाव डालें और छाती पर दबाव और कृत्रिम सांस देंने का अनुपात 30 :02 ही रखें।




**सीपीआर 10 है विकसित तकनीक-** सीपीआर से भी नई तकनीक सीपीआर 10 आज देश में उपलब्ध है। इस तकनीक का अविष्कार भारत में ही किया गया है। भारत के ही डाक्टर पद्मश्री डॉक्टर के.के अग्रवाल ने इस तकनीक का आविष्कार किया है। ये तकनीक परंपरागत सीपीआर से कहीं ज्यादा प्रभावी और व्यवहारिक मानी जाती है। इस तकनीक की सबसे खास बात ये है कि इसमें मुंह से कृत्रिम सांस देने के बजाय सिर्फ उंगलियों के दबाव के माध्यम से सीपीआर दिया जाता है।इस प्रक्रिया को दिल का दौरा पड़ने के पहले 10 मिनट में ही किया जाता है। इस प्रक्रिया में हाथ से इस तरह से छाती पर दबाव बनाया जाता है कि दिल सीने की हड्डियों और रीढ़ की हड्डी के बीच दबे । ये तबतक किया जाता है जब तक चिकित्सकीय सुविधा न मिल जाय या फिर व्यक्ति जिंदा हो जाय या फिर इलेक्ट्रिक शॉक देने वाले यंत्र तक पीड़ित पहुंच न जाय। इसके लिए सिर्फ छाती पर दबाव बनाना है पर ये 100 दबाव प्रति मिनट की रफ्तार से करना होता है। दबाव बनाने के लिए तकनीक वही है जो सीपीआर में है बस मुंह से मुंह को सांस नहीं देनी है। कई बार सीपीआर 10 से पहले पीड़ित की छाती पर एक फिट की दूरी से दो मुक्के मारने की भी सलाह दी जाती है। उसके बाद सीपीआर 10 शुरु किया जाता है।

**क्या है सीपीआर का महत्व**-दिल का दौरा पड़ने पर पहले एक घंटे को गोल्डन ऑवर माना जाता है। इसी गोल्डन ऑवर में हम मरीज की जान बचा सकते है। कभी कभी एंबुलेंस या मेडिकल सुविधा किसी कारण उपलब्ध नहीं होती है। ऐसे समय में सीपीआर किसी भी पीड़ित के लिए संजीवनी का काम कर सकता है।

दरअसल सीपीआर में हम सांस चलाने के काम और खून के बहाव को लगातार जारी रखने की कोशिश करते हैं। अगर किसी पीड़ित को 3-5 मिनट तक सांस नहीं आती तो उसके ब्रेन सेल मृत होना शुरु हो जाते हैं। अगर किसी पीड़ित को 10 मिनट तक सांस नहीं आ रही हो और प्राथमिक उपचार के तहत हम उसे कृत्रिम साँस न दे पाएं तो मरीज के बचने की संभावना बहुत कम हो जाती है।इस तरह आप किसी ऐसे व्यक्ति की जान बचा सकते हैं जो दम घुटने, पानी में डूबने, दिल का दौरा पड़ने की वजह से अपनी धड़कने खो चुका है। इस दौरान कुछ सावधानियां भी बरतनी है। जैसे इस दौरान मरीज को अकेला बिल्कुल नहीं छोडना चाहिए। और डाक्टर के द्वारा निर्देशित दवा के आलावा मरीज को दूसरी कोई दवा नहीं दी जानी चाहिए।

# दिल्ली में साक्षी की हत्या से सरकार पर लगे सवालिया निशान

**महेंद्र शर्मा उप संपादक पुष्पांजलि टुडे**

गोहद /भिंड / दिल्ली में साक्षी के जिस तरीके से एक युवक द्वारा की गई हत्या पर केंद्र एवं राज्य सरकार पर माकपा नेता पूर्व गोहद नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम



नारायण माहौर ने सवालिया निशान साधा है अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए माकपा नेता पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष प्रेम नारायण माहौर ने केंद्र सरकार पर कानून व्यवस्था पर अंकुश नहीं रखने का आरोप लगाया उन्होंने कहा कि जिस युवक ने 35 बार दिल्ली की लड़की साक्षी पर चाकू से हमला किया और पत्थर पटक पटक कर लड़की की हत्या की गई वह बेहद शर्मनाक घटना है इस प्रकार से की गई हत्याओं पर रोक लगाई जाने एवं अभियुक्त को कड़ी सजा दिए जाने की मांग माकपा नेता प्रेमनारायण माहौर द्वारा की गई है एक ओर माकपा नेता प्रेमनारायण माहौ व्दारा इस जघन्य हत्या पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई वहीं दूसरी ओर अखिल भारतीय जनवादी महिला समिति मध्य प्रदेश की प्रांतीय सचिव शोभा माहौर ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि ऐसी जघन्य हत्या हमारे समाज व्यवस्था में एक कलंक है ऐसी वारदातें नहीं रोकी गई तो लड़कियों का जीवन सुरक्षित नहीं रहेगा इस वारदात के लिए दिल्ली राज्य एवं केंद्र सरकार दोषी है उन्होंने सरकारों पर विफलता का आरोप लगाया है तथा कढे कदम उठाए जाने की मांग की गई। पूर्व गोहद नगरपालिका अध्यक्ष एवं महिला नेत्री गुड्डी बाई माहौर ने भी जघन्य हत्या पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है उन्होंने ऐसी क्रूरतम वारदातों पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है। माकपा जिला सचिव ओमप्रकाश बाथम ने प्रतिक्रिया में कहा है कि शीघ्र माकपा की मीटिंग आयोजित की जावेगी जिसमें लड़कियों एवं महिलाओं के साथ हो रही वारदातों पर रोक लगाए जाने के लिए आंदोलन करने का फैसला लिया जावेगा।

## श्री पांचाल विश्वकर्मा कल्याण समिति कोच उत्तर प्रदेश द्वारा

# 16वा सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन में 10कन्याओं का विवाह संपन्न हुआ



**उप संपादक महेंद्र शर्मा**

पांचाल विश्वकर्मा कल्याण समिति के द्वारा दिनांक



06/06/2023 को कोच में होलका देवी माता मंदिर पर विश्वकर्मा समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमे विश्वकर्मा समाज कि 10 कन्याओं का विवाह संपन्न हुआ।विवाह सम्मेलन के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मूलचंद निरंजन जी , एवं अध्यक्षता लालाराम विश्वकर्मा पूर्व मजिस्ट्रेट झांसी सहित समाज के गडमान्य नागरिकों की उपस्थिति में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया।विवाह सम्मेलन के अध्यक्ष राजू विश्वकर्मा एवं सभी समिति के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया कई जगह की कमेटी एवं विश्वकर्मा जन संगठन म.प्र.के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.बेताल विश्वकर्मा, एवं विश्वकर्मा जन संगठन म.प्र.ग्वा.जिला मीडिया प्रभारी पवन विश्वकर्मा( पत्रकार )जी और डॉ. पुनीत विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष दतिया (श्री विश्वकर्मा महापंचायत ) एवम विश्वकर्मा युवा कल्याण सेवा समिति इंदरगढ़ से रामप्रताप पांचाल, संजय विश्वकर्मा, डॉ.पुनीत विश्वकर्मा, छोटू विश्वकर्मा, सुरेंद्र, श्रीराम, हरिलाल गौड़ इत्यादिविश्वकर्मा जन संगठन मौ नगर अध्यक्ष डॉ.गोविंद विश्वकर्मा , उपाध्यक्ष राजीव विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष कार्तिकेय विश्वकर्मा,सौरभ,,इत्यादि,,,मा.कालीचरण विश्वकर्मा सदका जिला अध्यक्ष दतिया ग्रामीण दिनेश विश्वकर्मा खिरिया जिला सचिव दतिया कल्लू विश्वकर्मा भांडेर जिला उपाध्यक्ष दतिया शशिकांत विश्वकर्मा भांडेर प्रेम नारायण विश्वकर्मा ततारपुर पातीराम विश्वकर्मा भांडेर जगत राम विश्वकर्मा सालोन अशोक विश्वकर्मा भांडेर भागीरथ विश्वकर्मा भांडेर सुनील विश्वकर्मा भांडेरविजय विश्वकर्मा डबरा कोंच समिति द्वारा सब का फूल माहाला पहना कर स्वागत किया सम्मानित पत्र देकर सब का सम्मान किया

# बाल श्रमिक की पहचान कराओ- इनाम पाओः कलेक्टर संजय कुमार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

दतिया। माननीय कलेक्टर महोदय की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि दतिया जिले में जो भी कचरा बीनने वाले आदि बच्चों का सर्वे करने हेतु सर्वे दल गठित करने तथा ऐसे बच्चों का चिन्हांकन एवं पुर्नवास किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। दिनांक 12 जून 2023 को अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस मनाए जाने हेतु भी तैयारी पर चर्चा की गई। अध्यक्ष जिला बाल कल्याण समिति द्वारा सुझाव दिए गए कि प्रकाश नगर कॉलोनी, जो कि एक पिछडा क्षेत्र है, अभिभावकों में जागरूकता उन्पन्न करने हेतु सभा का आयोजन किया जायेगा।

जिला संयोजक चाइन्ड लाइन द्वारा किला चौक पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जायेगा। कलेक्टर महोदय श्री संजय कुमार द्वारा दतिया जिले को पूर्णतया बालश्रम मुक्त करने हेतु ''बाल श्रम की पहचान कराओं- इनाम पाओं''अभियान चलाये जाने की बात कही यदि कोई व्यक्ति बालश्रम की सूचना



देता है एवं जानकारी सही पायी जाती है तो कलेक्टर महोदय द्वारा संबंधित को 1100 रू का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। इस क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्ति को भी सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया जावेगा। उक्त बैठक में, अपर कलेक्टर श्री रूपेश उपाध्याय,अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री धनंजय मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मौर्य, जिला बाल कल्याण समिति,महिला एवं बाल विकास विभाग,श्रम विभाग के साथ साथ चाइल्ड लाइन दतिया,श्री राम जी राय बचपन बचाओ आंदोलन एवं जिला टास्क फोर्स के अन्य सदस्य सम्मिलित रहे।

# परिवर्तन यात्रा सत्ता परिवर्तन की सीड़ी :मान सिंह कुशवाह

## कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा की शुरुआत आज से नेता प्रतिपक्ष डॉ. सिंह दिखायगे हरी झंडी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा के द्वारा जिलेभर में निकलने जा रही परिवर्तन यात्रा की शुरुआत आज 9 जून 2023 को समय 11 स्थान संस्कृति मैरिज गार्डन से मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह व मध्यप्रदेश के सह प्रभारी शिव भाटिया हरी झंडी दिखाकर परिवर्तन



यात्रा के रथ को रवाना करेंगे। परिवर्तन यात्रा के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पांच वचन आमजन के सामने आयेंगे।कांग्रेस नेता मानसिंह कुशवाह ने कहा कि कमलनाथ सरकार आएगी किसानों को खुशहाली लाएगी युवाओं को रोजगार दिलाएगी नारी सम्मान निधि के रूप में महिलाओं को 1500 रुपए दिलाएगी कमलनाथ का कहना साफ 100 यूनिट बिजली होगी माफ 200 यूनिट होगी हाफ 500 रुपये में सिलेंडर पाना है,तो हाथ के पंजे का बटन दबाना है कांग्रेस सरकार लाना है, कर्मचारियों की मिटेगी टेंशन बहाल होगी पुरानी पेंशन के स्लोगन के साथ यह यात्रा भिंड जिले की सभी ग्राम पंचायतों से होकर गुजरेगी।

# एसडीएम पथरिया भव्या त्रिपाठी ने मोहनपुर, पिपरौधा छक्का,मनकोरा एवं नरसिंहगढ़ के विक्रेताओं को निलंबित कर 16 हजार रूपये का जुर्माना किया अधिरोपित

**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। शासन के आदेशानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं द्वारा पीओएस मशीन के माध्यम से हितग्राहियों का आधार सत्यापन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पथरिया भव्या त्रिपाठी ने शासकीय मूल्य दुकान मोहनपुर के विक्रेता रणविजय प्रताप सिंह पटेल एवं पिपरौधा छक्का के विक्रेता खिलान पटेल को कारण बताओ सूचना पत्र जारी होने के उपरांत आधार सत्यापन नहीं किये जाने पर निलंबित कर 5-5 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया है । इसके साथ ही शासकीय उचित मूल्य दुकान मनकोरा के विक्रेता जागेश्वर पटेल एवं नरसिंहगढ़ के विक्रेता सुरेंद्र श्रीवास्तव पर इस कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में कारण बताओ सूचना पत्र जारी होने के उपरांत आधार सत्यापन नहीं किये जाने पर निलंबित कर 3-3 हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया है ।

# हनुमान मंदीर के पुजारी की कुटिया मे हुई चोरी की घटना का पुलिस ने 48 घंटे मे किया खुलासा

## मुख्य आरोपी ने अपने 03 अन्य साथियो के साथ मिलकर दिया था घटना को दिया अंजाम

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**
**पुष्पांजली टुडे**

### 02 आरोपीयों को गिरफ्तार करने में मिली सफलता

### गिरफ़्तारशुदा आरोपियों के कब्जे से चोरी की रकम मे से 09 हजार व 02 मोबाईल जप्त रुपये जप्त

पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इन्दौर (ग्रामीण) श्री राकेश गुप्ता जी एवं पुलिस उप महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री तिलक सिंह जी द्वारा जिला खरगोन में हो रही चोरी एवं लूट की घटनाओं की पतारसी कर उन पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये गये थे । वरिष्ठ अधिकारियो से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीर सिंह जी द्वारा समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व थाना प्रभारियों को चोरी एवं लूट की घटनाओ पर अंकुश लगाने के संबंध मे पृथक से आदेशित किया गया था। जिसके परिणामस्वरूप थाना बिस्टान पुलिस टीम को बांसखेडी हनुमान मंदीर के पुजारी की कुटिया मे हुई चोरी की घटना का पुलिस ने 48 घंटे मे किया खुलासा करने मे सफलता। मिली है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः**-घटना दिनांक दिनाँक 07.06.2023 फरियादी ने बताया बाँसखेडी में हनुमान मन्दिर व भीलट बाबा मंदिर में पूजा पाठ करता हुँ एवं पास में ही रहने के लिये कुटिया बना रखी है जिसमें मै रहता हुँ । दिनांक 06.06.23 को मै प्रतिदिन का तरह खाना खाकर अपनी कुटिया में सो गया था कि रात्री करीबन 02.00 बजे मेरे पाले हुये कुत्ते के भौकने की आवाज सुनकर मैं कुटिया में से उठकर बाहर निकला तो मुझे कुछ व्यक्ति कुटिया के सामने दिखाई दिये, मैने उनसे पुछा कौन हो तो वह बिना कुछ बोले मेरे तरफ पत्थर फेंका और मेरे पास आकर मुझे पकड़कर डंडे से मारपीट करने लगे । मैने उनसे हाथ जोड़कर कहा कि तुम्हे जो चाहिये ले जाओ लेकिन मेरे साथ मारपीट मत करो मुझे छोड़ दो तो उनमें से कुछ ने कुटिया के सामान को फैलाना शुरु दिया और उसमें से कुछ सामान अपने साथ ले गये । मारपीट करने वाले सभी लोग मुँह पर कपड़ा बांधे हुए थे । बाद वो लोग मुझे वही छोड़कर




वहाँ से भाग गये । मारपीट से मुझे दाहिनी आँख के पास एवं बदन पर चोट लगी । बाद मैंने कुटिया में अपना सामान देखा तो झोले में रखे 22000 रुपये नही थे । फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना बिस्टान पर अप.क्र.142/2023 धारा 382 भादवि का कायम कर विवेचना मे लिया गया । उक्त घटना के संबंध मे पुलिस अधीक्षक खरगोन द्वारा अनुविभागीय अधिकारी भीकनगाँव को निर्देशित कर थाना बिस्टान पर विशेष टीम का गठन कर अज्ञात आरोपीयो की पतारसी हेतु रवाना किया गया । टीम के द्वारा घटना स्थल व आसपास के क्षेत्र मे पतारसी करते मुखबिर मामुर किए गए । इसी तारतम्य में दिनाँक 08.06.2023 को मुखबिर द्वारा प्राप्त सुचना पर से संदिग्ध कान्हा पिता जयमाल जाति तडवी भील एवं रेमसिंह पिता लक्ष्मण जाति तडवी भील को हिरासत में लेकर बारीकी से गहन पुछताछ की गई जिन्होने पुछताछ मे अपने साथीयो के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया । आरोपीयो को 48 घंटे के अंद पतारसी हेतु पुरी टीम को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 5000 रूपये का रिवार्ड प्रेषित किया गया । घटना मे शामिल अन्य फरार 02 आरोपियों की गिरफ़्तारी के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे है ।

**गिरफ्तार आरोपियो के नाम -**

1कान्हा पिता जयमाल जाति तडवी भील उम्र 35 वर्ष निवासी मोंगा फाल्या ग्राम देजला थाना भगवानपुरा

2.रेमसिंह पिता लक्ष्मण जाति तडवी भील उम्र 45 वर्ष निवासी मोंगा फाल्या ग्राम देजला थाना भगवानपुरा

**पुलिस टीम -**

उक्त प्रकरण मे अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगांव श्री संजु चौहान के नेतृत्व मे निरी. सुनिता मुजाल्दा, उनि पप्पु मोर्य, कावा उनि. अरूणपाल सिंह कुशवाह, कावा सउनि. राजेश दिनकर, कावा सउनि संतोष चौधरी, कावा सउनि. प्रतापसिंह सोलंकी, कावा प्रआर. 222 मुकेश यादव, प्रआर. 663 मुकेश पटेल, कावा.मप्रआर. 770 मनीषा सोलंकी, आर. 304 राहुल आटपाडकर, आर. 748 अशोक पाटीदार, आर, 822 भारत सोलंकी, आर. 312 बलराम मुजाल्दे, आर. 349 दीपक सोनी, आर. 1016 सुमित शुक्ला, आर. 983 अमित उपाध्याय, आर. 639 जयपाल बघेल, सैनिक 98 डोगंरसिंह (चालक), आर.275 अभिलाष डोगरे (पुलिस अधीक्षक कार्यालय खरगोन), आर.93 मुदस्सर, आर.905 राहुल पाली ,आर. 693 सचिन चौधरी, म.आर. 988 रोशनी परिहार, मआर. 1006 ब्रजलता शर्मा की सराहनीय भूमिका रही है ।

# परिषद के महानिदेशक बीआर नायडू ने एकात्म अभियान अंतर्गत चल रहे ध्यान शिविर में सहभागिता की

**ध्यान हमारे जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक है।प्रतिदिन के अभ्यास से हम अपने मन को एकाग्र कर सकते है। बीआर नायडू**





**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

हर दिल ध्यान हर दिन ध्यान कार्यक्रम के तहत राज्य शासन के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा श्री रामचंद्र मिशन हार्ट फुलनेस संस्थान हैदराबाद के सहयोग से दमोह विश्व योग दिवस कार्यक्रम में आम जन की सहभागिता की दृष्टि से जिले में चलाए जा रहे योग ध्यान शिविरो का आयोजन किया जा रहा है। दमोह जिले के सभी विकासखंडों में हार्टफुलनेस संस्थान के प्रशिक्षक जो उत्तराखंड के अलग अलग स्थानों से आए हुए हैं के द्वारा ग्राम स्तर पर नवांकुर संस्थाओं और परामर्शदाताओं के सहयोग से गांव गांव जाकर ध्यान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बाहर से आए हुए प्रशिक्षकों के रहने की व्यवस्था जन सहयोग से ही स्थानीय स्तर पर को गई है। राज्य शासन के निर्देश पर दमोह जिले में चल रहे ध्यान शिविर में सहभागिता हेतु मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के महानिदेशक श्री बी आर नायडू सर द्वारा विकासखंड पथरिया के बंसाकलां, बटियागढ एवम जबेरा के ग्राम पंचायत मुड़ारी में सहभागिता कर ध्यान शिविर में उपस्थित लोगों से चर्चा की और सभी से अपने पूरे गांव के लोगों की सहभागिता के साथ विश्व योग दिवस कार्यक्रम में जुडने का आह्वान किया।इस अवसर पर उनके साथ कान्हा शांति वनम हैदराबाद से उनके साथ आए सुनील नायडू,जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक दिनेश उमरैया,दमोह जिला समन्वयक सुशील नामदेव,उमाशंकर उपाध्याय,वंदना जैन, पुष्पा सिंह ,राजेश बाबू अर्गल ,नवांकुर संस्था प्रतिनिधि दिलीप पटेल,घनश्याम पटेल,विजय तिवारी,रवि तिवारी,राजेश चौरसिया,घनश्याम सिंह,गोपाल सिंह,मुल्तान सिंह आदि की उपस्थिति रही। भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महानिदेशक जन अभियान परिषद द्वारा जन अभियान परिषद के कार्यों की समीक्षा की गई। जिसमें उन्होंने जिले में कार्यरत नवांकुर संस्थाओं,परामर्शदाताओं और जिला विकासखंड समन्वयको से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए।सभी नवांकुर संस्थाएं शासन के निर्देशानुसार कार्य करें।जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में दमोह जिले के स्वयंसेवी संगठनों की सहभागिता रही इसमें मुख्य रूप से बुंदेलखंड नवनिर्माण संगठन, वतन एकता, ग्राम जन कल्याण समिति ,अंबिका ग्राम विकास समिति पटेरा, छात्र सर्व कल्याण समिति दमोह , ऐश्वर्या शक्ति महिला समिति दमोह , धरातल जन कल्याण समिति पथरिया, दीपांजलि वेलफेयर सोसाइटी जबेरा ,पथ एजुकेशन सोसायटी दमोह, संरचना जागरण समिति हटा,मिशन जन जाग्रति समिति हिंडोरिया, के श्रीकांत नेहरू युवा मंडल दमोह एवम बांसातारखेड़ा एवम ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर नायडू सर द्वारा पौधारोपण भी किया गया।बी आर नायडू सन 1985 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं ,एवं पूर्व में कलेक्टर सागर कमिश्नर सागर प्रमुख सचिव महिला एवं बाल विकास विभाग,अपर मुख्य सचिव श्रम विभाग वर्तमान में महानिदेशक मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के रूप में मार्गदर्शन दे रहे हैं।

## लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्र प्रदान किये



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** भाजपा शक्तिकेन्द्र 6 नया 1, 2 में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत वार्ड में पात्र लाड़ली बहनों के आंगनवाड़ी में जाकर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के स्वीकृति पत्र प्रदान किए जा रहे हैं। वार्ड मुहुरर मोहन वैध द्वारा मुख्य अतिथि मनीष असाटी एवं सभी पदाधिकारीओ का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया एवं मुख्यमंत्री का संदेश वाचन किया। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष (शक्ति केन्द्र) प्रभारी मनीष असाटी ने बताया एवं जिनके खाते मे 1 रूपया का मैसेज नही आया एवं वह आधार कार्ड अपडेट नही है वह पोस्ट आफिस मे अपना खाता तत्काल खुलवाये जिससे राशि सही खाते मै आ जाये।इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष (शक्ति केंद्र प्रभारी) मनीष असाटी वरिष्ठ नेता श्याम जडिया, नगर प्रभा नामदेव, नगर कार्यसमिति सदस्य प्रभा नामदेव, वार्डअध्यक्ष आशीष गांगरा, महेन्द्र सोनी, बूथ अध्यक्ष अनूप सोनी, बीएलए सोनू विश्वकर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, नगर पलिका अमला सहित सभी लाभान्वित लाड़ली बहनो की उपस्थिति रही। नगर उपाध्यक्ष (शक्ति केन्द्र) प्रभारी मनीष असाटी, वरिष्ठ नेता श्याम जडिया, नगर प्रभा नामदेव, नगर कार्यसमिति सदस्य प्रभा नामदेव, वार्ड अध्यक्ष आशीष गांगरा, महेन्द्र सोनी, बूथअध्यक्ष अनूप सोनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, नगर पलिका अमला सहित सभी लाभान्वित लाड़ली बहनो की उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन

**26 जून को तेंदूखेड़ा एवं 27 जून को पटेरा में होंगे आयोजित**



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत के अनुमोदन उपरांत 26 जून को तेंदूखेड़ा एवं 27 जून 2023 को पटेरा में आयोजित किये जायेंगे। प्रभारी उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अदिति यादव ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तेंदूखेड़ा एवं पटेरा से कहा है कि उक्त आयोजन में योजना के नियमों/निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये। आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अनियमितता, आयोजन में सम्मिलित होने वाले हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा आयोजन में विधायक, जनप्रतिनिधि, सम्मानीय व्यक्तियों को विशेष रूप से सम्मान पूर्वक आमंत्रित किया जाए साथ ही समय-समय पर जिला कार्यालय को आयोजन संबंधी जानकारी से अवगत कराया जाये।

## चेकर्स का शिलान्यास बदहाल सड़क से मिलेंगी लोगों को निजात

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** बुधवार को फुटेरा वार्ड स्थित कछियाना मोहल्ला में वीरेंद्र राय नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं नरेंद्र सिंह चंदेल पार्षद प्रतिनिधि द्वारा बदहाल सड़क पर चेकर्स लगने का शिलान्यास किया गया। वही नरेंद्र चंदेल द्वारा एक बताया कि यह सड़क काफी दिनों से जर्जर थी और बड़ी देवी मंदिर पहुंचने के लिए यह मार्ग अन्य रास्तों की अपेक्षा महत्वपूर्ण है वही लोगों ने बताया मार्ग का शिलान्यास होना हम सभी के लिए प्रशंसा का विषय है जिसके शिलान्यास के अवसर पर पं. रामगोपाल पौराणिक, पं. कैलाश प्यासी एवं पं. आशीष कटारे द्वारा विधि विधान पूजन पाठ से चेकर्स लगाने का शिलान्यास किया गया इस मौके वीरेंद्र राय नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह चंदेल पार्षद प्रतिनिधि पवन सिंह चंदेल, नंद कुमार रैकवार,कपिल बिदोल्या, तरुण व्यास, बृजलाल,पप्पू, तेज सिंह, टिंकू सरदार, अमित सोनी, बबलू भट्ट, दीपेश ठाकुर, चरणदास पटेल, राहुल पांडे , प्रवेंद्र सिंह ,गोलू पटेल सहित अनेक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## कैंप लगाकर लाड़ली बहना योजना के प्रमाण पत्र किए गए वितरण



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** फुटेरा वार्ड नंबर 4 शासकीय कछियाना स्कूल में लाड़ली बहना योजना का कैंप लगाया गया जिसमें पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष पार्षद ठाकुर नरेंद्र सिंह चंदेल ने लाड़ली बहना योजना के आवेदन में जिन माताओं, बहनों की बैंक से डी बी टी और जिन माताओं बहनों की फोटो मैच नहीं कर रही थी उनको आधार कार्ड से मैच करा कर बैंक द्वारा डी बी टी करवा कर वार्ड की सभी माताओं बहनों के आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। कार्यक्रम में वार्ड अध्यक्ष कपिल बिधौलिया ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का वचन पत्र पढ़कर बहनों को सुनाया। वहीं भाजपा दीनदयाल नगर मंडल महामंत्री पवन सिंह चंदेल ने वार्ड की सभी माताओं, बहनों को लाडली बहना योजना के अंतर्गत 1000 प्रति माह योजना के तहत बैंक खाते के माध्यम से दिए जाएंगे। कैंप में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अल्पना शर्मा, श्रीमती मोहिनी गौतम, कु रजनी शर्मा, आंगनवाड़ी सहायिका श्रीमती पुष्पा नामदेव, श्रीमती अंजना रजक, श्रीमती अर्चना नामदेव, नगर पालिका मोहर्र रामदयाल खटीक ने सभी माता बहनों के आधार कार्ड जमा किए पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह चंदेल पार्षद ने कहा कि हमारे वार्ड की सभी माताओं , बहनों को लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलेगा भाजपा दीनदयाल नगर मंडल महामंत्री पवन सिंह चंदेल द्वारा लाडली बहना योजना के प्रमाण पत्र वार्ड की माताओं, बहनों को वितरण किए गए। कैंप में युवा मोर्चा वार्ड अध्यक्ष शिवम पाठक, अमित सोनी, मनोज पटेल , वार्ड की सभी माताओं, बहनों, की उपस्थिति रही।

## जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत एक अपराधी पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत एक अपराधी पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने थाना तेजगढ़ अनावेदक हेमन्त सिंह पिता मुन्नालाल खटीक निवासी ग्राम तेजगढ़ जिला दमोह को आगामी 09 माह अर्थात 270 दिवस की कालावधि तक के लिये दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु पाबंद किया है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार अनावेदक प्रत्येक सोमवार को थाना प्रभारी तेजगढ़ के समक्ष अपनी उपस्थिति दर्ज करायेगा तथा सामान्य नागरिक की भांति नेक चाल चलन बनाकर रखेगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी। यह आदेश जिला मजिस्ट्रेट के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया है

## सीएमएचओ ने किया निरीक्षण



**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

**पन्ना** - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस. उपाध्याय एवं सीपीएचसी सलाहकार डॉ. पूजा तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सिंहपुर, आरामगंज और दहलान चौकी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संस्था में प्रदान की जाने वाली सेवाओं, दवाइयों की उपलब्धता, रिकार्ड संधारण इत्यादि की जांच की गई। साथ ही स्वास्थ्य संस्था और समुदाय के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए जन आरोग्य समिति के गठन की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने तथा संस्था के साथ समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए सकारात्मक पहल के निर्देश दिए गए। दहलान चौकी में एनक्यूए मानक के होने वाले मूल्यांकन की पूर्व तैयारियों का जायजा लेकर सीएचओ को लक्ष्य अनुसार आभा आईडी बनाने के लिए निर्देशित किया गया।

## तीन दिवसीय लाड़ली बहना उत्सव का आयोजन



**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

**पन्ना** - मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत तीन दिवसीय उत्सव मनाया जाना है। गुरूवार को लाड़ली बहना ग्राम सभा के कार्यक्रम आयोजन के उपरांत 9 जून को धार्मिक स्थानों पर भजन-कीर्तन सहित अन्य कार्यक्रम और ऐतिहासिक दिवस 10 जून को बहनों के खातों में एक-एक हजार रूपए की राशि अंतरित की जाएगी।जिला कार्यक्रम अधिकारी उदल सिंह ठाकुर ने बताया कि 10 जून को उत्सवी माहौल में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके लिए बहनों और नागरिकों को पीले चावल भेंटकर कार्यक्रम में सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जा रहा है। इस दौरान लाड़ली बहना सेल्फी कॉन्टेस्ट सहित रंगोली, दीपोत्सव व अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। जिला प्रशासन द्वारा लाड़ली बहनों की खुशी की अभिव्यक्ति के लिए ग्राम पंचायत व वार्डों में सेल्फी स्टैण्ड भी बनाए गए हैं। लाड़ली बहनें उत्साह के साथ सेल्फी और फोटो लेकर खुशियां मना रही हैं।

## प्रस्फुटन समितियों की हुई समीक्षा



**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

**पन्ना** - देवेन्द्रनगर एवं ककरहटी सेक्टर में आज मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से संबद्ध ग्राम विकास एवं नगर विकास प्रस्फुटन समितियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिला समन्वयक आनंद पांडेय द्वारा ग्राम एवं नगर प्रस्फुटन समितियों के कार्यों की समीक्षा कर समितियों के कार्य को और अच्छा करने के लिए कार्यों को विस्तार से बताया। मोबाइल एप्प व डिजिटल एप्लीकेशन के बारे में भी जानकारी दी। समितियों के अध्यक्ष एवं सचिवों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया।

## 24 उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

**पन्ना** - कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय कुमार मिश्र ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 24 उपयंत्री को पंचायत उप निर्वाचन में उपयोग होने वाली ईव्हीएम के एफएलसी कार्य में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही पत्र प्राप्ति के तीन दिवस में जवाब चाहा गया हैउपयंत्री मुकेश शिवहरे, श्यामदत्त पाठक, सुरेन्द्र सिंह, श्रीकांत उपाध्याय, राजेन्द्र कुमार जैन, रविन्द्र त्रिपाठी, अरविन्द परमार, श्रीरंग सोनी, राकेश अरजरिया, रजनीश जैन, संजीव जैन, अनिल सक्सेना, अमोल सिंह यादव, भरत सिंह घोष, प्रवीण सोनी, संतोष जगवानी, आनंदी प्रजापति, इसराज खान, समीम खान, श्रीराम लोध, प्रशांत वर्मा, अजय तिवारी, अरविन्द त्रिपाठी और राजनारायण मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## 52 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन

# सृष्टि को बोरवेल से बाहर निकाला, नहीं बच सकी जान

### 6 जून को गिरी थी, लगातार तीन दिनों तक चला रेस्क्यू ऑपरेशन,

**सृष्टि को एम्बुलेंस से सीधे पोस्टमार्टम रूम पहुंचाया, प्रभारी कलेक्टर, एसपी सहित अन्य अधिकारी रहे एम्बुलेंस में मौजूद**

**जिला-पुलिस प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ रोबोटिक आर्म, आर्मी की भी ली मदद**





**रघुवर दयाल गोहिया**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**सीहोर।** जिले के ग्राम मुंगावली में 6 जून को दोपहर में बोरवेल में गिरी ढाई साल की सृष्टि को आखिरकार 52 घंटे लगातार चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद 8 जून को शाम करीब 5.30 बजे बोरवेल से बाहर निकाल लिया गया। बोरवेल से बाहर निकालने के बाद उसे एम्बुलेंस से तत्काल पोस्टमार्टम रूम ले जाया गया। इस दौरान एम्बुलेंस में डॉक्टरों की स्पेशल टीम के साथ ही प्रभारी कलेक्टर आशीष तिवारी, एसपी मयंक अवस्थी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। इससे पहले गुरूवार सुबह रोबोटिक आर्म एवं स्पेशल टीम को भी बुलाया गया था। यहां पर आर्मी, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ की टीम भी रेस्क्यू ऑपरेशन में लगी हुई थी।

**पानी के अंदर पहुंच गई थी सृष्टि-**तीन दिन पहले बोरवेल के अंदर गिरी हुई सृष्टि 100 फिट से ज्यादा नीचे पहुंच गई थी। बोर 300 फिट का है और उसमें पानी भी है। सृष्टि पानी के अंदर पहुंच चुकी थी। इसके कारण उसकी बॉडी भी फूल गई थी। बोरवेल से बाहर निकालते ही सृष्टि को एम्बुलेंस से तुरंत ले जाया गया।

**खेत मालिक पर एफआईआर दर्ज, अभी नहीं हुई गिरफ्तारी-**ग्राम बड़ी मुंगावली के गोपाल कुशवाह ने दो महीने पहले अपने खेत में बोर खनन कराया था, लेकिन पानी नहीं निकलने पर गोपाल कुशवाह ने बोर खुला छोड़ दिया। बोर पर एक तगाड़ी रख दी थी। सृष्टि खेलते हुए उसी तगाड़ी पर जाकर बैठ गई। तगाड़ी के तिरछे होने पर वह बोरवेल में गिर गई। इस घटना के बाद मंडी थाना पुलिस ने खेत मालिक गोपाल कुशवाह पर एफआईआर दर्ज करते हुए धारा 188 एवं 308 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। हालांकि खेत मालिक गोपाल कुशवाह की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

**रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए आसपास लगाए पर्दे-**ढाई साल की सृष्टि के बोरवेल में गिरने की सूचना के बाद से ही मुंगावली में मजमा लगा रहा। प्रभारी कलेक्टर, जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित एसपी, एएसपी सहित पुलिस टीम, जनप्रतिनिधि एवं आमजन वहां पर बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सृष्टि को निकालने के लिए तीन दिनों से लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला। जहां पर सृष्टि बोरवेल में गिरी थी उसके आसपास प्रशासन ने पर्दे लगा दिए थे। रेस्क्यू टीम के अलावा वहां पर किसी को भी नहीं जाने दिया जा रहा था। गुरूवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान तेज हवा, बारिश भी हुई।
- हरिसिंह परमार, थाना प्रभारी मंडी, जिला सीहोर

**बोरवेल खुला छोड़ा तो होगी धारा 188 की कार्रवाई**
- कलेक्टर प्रवीण सिंह ने 16 मार्च 2023 को निकाला था आदेश, अवहेलना करने पर होगी एक माह की जेल, 200 रूपए जुर्माना

सीहोर। जिले के मुंगावली में हुई ढाई साल की सृष्टि की बोरवेल की घटना के बाद जिला प्रशासन का एक आदेश फिर से वायरल हो गया। दरअसल कलेक्टर प्रवीण सिंह ने 16 मार्च 2023 को आदेश जारी किया था। इसमें कहा गया था कि यदि कोई भी व्यक्ति, खेत मालिक, मकान मालिक या संस्था प्रमुख यदि बोर कराने के बाद उसे खुला छोड़ता है तो उस पर अब भारतीय दंड संहिता की धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी। धारा 188 के तहत कार्रवाई होने पर एक माह की जेल एवं 200 रूपए का जुर्माना या दोनों की सजा होगी। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा एक मोबाइल नंबर भी जारी किया गया है, जिस पर शिकायत करने पर शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखी जाएगी एवं संबंधित व्यक्ति तक तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

**इनका कहना है-**

**ढाई साल की सृष्टि बोरवेल में गिर गई थी। इसके बाद से उसका रेस्क्यू ऑपरेशन चला। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद खेत मालिक गोपाल कुशवाह पर एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। धारा 188, 308 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। अभी गिरफ्तारी नहीं की गई है**

**इस नंबर पर करें शिकायत, होगी तुरंत कार्रवाई**

-कलेक्टर प्रवीण सिंह ने दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए आदेश जारी किया था कि बोर खनन करते समय भूमि स्वामी एवं बोर खननकर्ता किसी भी स्थिति में बोर का मुंह खुला नहीं छोड़ेंगे। जिन बोरवेल में पानी नहीं है तथा जिन्हें उपयोग में नहीं लिया जा रहा है उन बोरवेल को खुला नहीं छोड़ें, साथ ही उन पर लोहे का ढक्कन लगाएं या आसपास जाली लगाकर फेंसिंग करें। इसी तरह कलेक्टर द्वारा मोबाइल नंबर 9303628757 जारी किया गया था।

**आदेश होते हैं, लेकिन नहीं दिखती सख्ती**

-घटना होने के बाद आदेश तो हो जाते हैं, लेकिन इन आदेशों के पालन कराने में सख्ती नहीं दिखती। यही कारण है कि किसी में भी न तो प्रशासन एवं न ही कानून को लेकर डर है। जिला प्रशासन द्वारा खनन पर रोक लगाने का आदेश भी जारी किया गया था, लेकिन इसके बाद भी लगातार बोरवेल कराए जा रहे हैं। यदि प्रशासन सख्ती के साथ खेतों में, घरों में जाकर जांच कराए तो ऐसे कई बोरवेल खुले में पड़े हुए मिलेंगे। हालांकि इस बार कलेक्टर द्वारा मौखिक निर्देश भी राजस्व अमले को दिए गए हैं कि यदि इस तरह की लापरवाही की कोई भी सूचना मिले, मौके पर जाकर तुरंत कार्रवाई की जाए।

**आपके घर-खेत पर कभी भी पहुंच सकती है टीम-**

**इस बार जिला प्रशासन भी इस घटना को लेकर सख्त नजर आ रहा है। घटना के बाद चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद भी सफलता नहीं मिलने से प्रशासन की सख्ती कुछ ज्यादा ही नजर आ रही है। अब राजस्व अमले सहित जिला प्रशासन की टीम कभी भी खेत, घरों पर पहुंचकर जांच कर सकती है।**

---

### चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत सृष्टि को किया मृत घोषित

## एनडीआरएफ, एसडीईआरएफ तथा आर्मी के जवानों द्वारा किया गया रेस्क्यू ऑपरेशन

**रघुवर दयाल गोहिया**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**सीहोर।** सीहोर जिले के ग्राम मुंगावली में 6 जून को लगभग दोपहर 1.00 बजे बोरवेल में गिरी ढाई वर्षीय नन्ही बालिका सृष्टि कुशवाह को 48 घंटे से अधिक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बाहर निकाला गया। बोरवेल से निकालकर सृष्टि को जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां चिकित्सकों द्वारा परीक्षण उपरांत सृ?ष्टि को मृत घोषित किया गया। मुंगावली निवासी श्री राहुल कुशवाह तथा श्रीमती रानी कुशवाह की बेटी सृष्टि खेलते समय बोरवेल में गिर गई थी। सूचना मिलते ही



एसडीईआरएफ, एनडीआरएफ तथा आर्मी की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सृष्टि को बोरवेल से बाहर निकाला गया।

**मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शोक संवेदना व्यक्त की-** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की हैं। विधायक श्री सुदेश राय ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परिजनों को ढांढस बंधाया। प्रभारी कलेक्टर श्री आशीष तिवारी तथा एसपी श्री मयंक अवस्थी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की।

---

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ग्राहक सर्विस व्यवस्था भगवान भरोसे



रोड जाम होने से राहगीर परेशान

**संतोष सिंह भदौरिया**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड (गोरमी)** वैसे तो ज्यादातर राष्टीयकृत बैंकों से हर कोई ग्राहक ब्रांच जाने के लिए कतराने लगा है लेकिन गोरमी जैसे नगर में कोई प्राइवेट बैंक ना होने के कारण मजबूरन स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं संेट्रल बैंक ऑफ इंडिया इन बैंकों में जाना पड़ता है लेकिन ग्राहक सर्विस को लेकर बात की जाए तो प्राइवेट बैंक का नाम आगे आता है क्योंकि इन बैंकों से प्राइवेट बैंको द्वारा ग्राहक को अच्छी सर्विस मिलती है राष्ट्रीय कृत बैंकों में ज्यादातर ग्राहक सर्विस, ग्राहक से अभद्रता, आदि को लेकर शिकायतें भी मिलती रहती है और इसमें कहीं ना कहीं सच्चाई भी है गोरमी में सेंट्रल बैंक ब्रांच द्वारा व्यवस्था को लेकर लगातार आठ दिन से पत्रकार को शिकायतें मिल रही थी तो आज जब एक पत्रकार गोरमी सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया में गया तो ब्रांच में देखा कि अंदर ग्राहको के लिए व्यवस्था बिल्कुल ही चौपट नजर आ रही थी द्य क्योंकि अभी मध्यप्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजना लाडली बहन योजना के अंतर्गत बड़ी जनसंख्या में डीवीटी करवाने के लिए महिलाएं आ रही है जिसके कारण ब्रांच पर लोड भी बढ़ रहा है द्य लेकिन कही ना कही ब्रांच कर्मचारियों पर भी पर व्यवस्था को लेकर सवाल खड़ा हो रहा है क्योंकि ब्रांच में ना ही कोई सिक्योरिटी गार्ड नजर आ रहा था ना कोई स्टॉप जो महिला व पुरुषों की अलग-अलग लाइन लगवा सके ब्रांच में लेन देन करने के लिए एक ही खिड़की होने के कारण भी एक ही लाइन में महिला व



रोड बनी पार्किंग

पुरुष एक दूसरे को धक्का मुक्की करते हुए नजर आ रहे थे द्य दूसरी ओर वहां पर इस तरह से भीड़ थी जैसे कोई मेला लगा हो जहां जिसकी मर्जी आ रही थी वहां पर एक दूसरे को धक्का देकर घुस रहा था जब यह व्यवस्था देखकर पत्रकार ने जब एक बैंक कर्मचारी से बात करनी चाही तो उन्होंने पत्रकार की बात को अनसुना कर दिया जिससे पता चला कि ब्रांच का लोड तो है यह बात सही है लेकिन कहीं ना कहीं ब्रांच की लापरवाही से भी अव्यवस्था फैल रही है द्य क्योंकि जिस की ब्रांच में पहुंच है वह लेन देन का काम करवा लेता है जिसकी पहुंच नहीं है वह घंटों लाइन ऐसी भीषण गर्मी में धक्का खाते हुए खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार कर रहा होता है चाहे महिला हो,पुरुष हो या छोटे-छोटे



बैंक के अंदर इंतजार करते लोग

के साथ में महिला हो या बुजुर्गों द्य जब पत्रकार ने लाइन में खड़े हुए ग्राहकों से बात की क्या आप लोग क्यों खड़े हो कितनी देर से खड़े हुए हैं द्य उसमें से एक महिला ने अपना नाम ना बताने की शर्त पर कहा कि मैं यहां तीन दिन से आ रही हूं और वापस चली जाती हूं पैसा अपने खाते से नहीं निकाल पा रही हूं द्य मैंने कहा ऐसा क्यों क्या आपको पैसा नहीं दिया जा रहा है उसका कहना था पैसा दिया जाता है द्य लेकिन मेरा नंबर ही नहीं आ पाता है मैं घंटों लाइन में खड़ी रहती हूं फिर मेरा गर्मी के कारण जी घबरा लगने लगता है फिर मैं वापस घर लौट जाती हूँ मेरा बच्चा बीमार है मुझे हॉस्पिटल में दवा करवानी है लेकिन यहां पर इतनी भीड़ होने के कारण पैसा नहीं निकाल पा रही हूं द्य यहां पर किसी स्टाफ से बात करो तो अच्छे से बात नहीं करते हैं यही हाल बैंक के बाहर वाहन पार्किंग का है जहां जिसकी मर्जी आती है वहीं पर आकर ग्राहक ज्यादातर दो पहिया वाहन पार्क कर देते हैं द्य चाहे वह रोड ही क्यों ना हो जिसके कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है और कभी-कभी जाम लगने का भी कारण बन जाता है आखिरी यह कब तक चलता रहेगा

---

### श्रीमदभागवत कथा

## बिरखड़ी मे 8 जून को हुआ श्रीकृष्ण और रूक्मणि का विवाह



**महेंद्र शर्मा उपसंपादक**
**पुष्पांजली टुडे**

**बिरखड़ी** - गोहद। बिरखड़ी में आयोजित हो रही श्रीमदभागवत कथा में आज रासलीला और रूक्मणि विवाह का आयोजन हुआकथावाचक मुकेश जी महाराज ने बताया कि किस प्रकार कुब्जा का कल्याण किया, व कंसा का वध हुआउसके बाद जरासंध, मुकुचंद की कहानी से वह रूक्मणि हरण व विवाह तक का विस्तार से वर्णन किया। कथा व्यास पं. श्री मुकेश जी महाराज ने इस भव्य उत्सव पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा की श्री मद भागवत कथा जगत कारिणी और मंगल करिणी है, जो भी सच्चे मन व ह्रदय से कथा का श्रवण करता है उसे मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग आसान होता है। जो भी कोई इस पवित्र कथा का श्रवण करता है उसका उद्धार निश्चित है तथा जिस किसी के पूर्व में बुरे कर्म हों उसको इस कथा के श्रवण से उन बुरे कर्म से मुक्ति मिलती है। यह कथा इतनी पावन है की इसके श्रवण से मनुष्य का भूत, भविष्य तथा वर्तमान तीनो के बुरे कर्मों से निवृत्त होकर सतमार्ग में मन लगता है तथा मनुष्य के उद्धार व मोक्ष के लिए मार्ग निश्चित होते है।रासलीला व विवाह में पंडाल में उपस्थित पूरा जनसमुदाय आनंद से झुम उठा। समस्त बिरखडी वासियों का निवेदन है कि यह कथा अत्यंत पवित्र और शांति प्रदायक है इसलिए सभी मानव जन को कथा सुनने के लिए आग्रह किया है।

---

## सीएमएचओ ने किया निरीक्षण



**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

**पन्ना** - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. व्ही.एस. उपाध्याय एवं सीपीएचसी सलाहकार डॉ. पूजा तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर सिंहपुर, आरामगंज और दहलान चौकी का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संस्था में प्रदान की जाने वाली सेवाओं, दवाइयों की उपलब्धता, रिकार्ड संधारण इत्यादि की जांच की गई। साथ ही स्वास्थ्य संस्था और समुदाय के बीच समन्वय स्थापित करने के लिए जन आरोग्य समिति के गठन की प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने तथा संस्था के साथ समुदाय की भागीदारी बढ़ाने के लिए सकारात्मक पहल के निर्देश दिए गए। दहलान चौकी में एनक्यूए मानक के होने वाले मूल्यांकन की पूर्व तैयारियों का जायजा लेकर सीएचओ को लक्ष्य अनुसार आभा आईडी बनाने के लिए निर्देशित किया गया।

## प्रस्फुटन समितियों की हुई समीक्षा

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजली टुडे की खबर**

**पन्ना** - देवेन्द्रनगर एवं ककरहटी सेक्टर में आज मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से संबद्ध ग्राम विकास एवं नगर विकास प्रस्फुटन समितियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। जिला समन्वयक आनंद पांडेय द्वारा ग्राम एवं नगर प्रस्फुटन समितियों के कार्यों की समीक्षा कर समितियों के कार्य को और अच्छा करने के लिए कार्यों को विस्तार से बताया। मोबाइल एप्प व डिजिटल एप्लीकेशन के बारे में भी जानकारी दी। समितियों के अध्यक्ष एवं सचिवों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया।

## 24 उपयंत्रियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजली टुडे की खबर**

पन्ना - कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय कुमार मिश्र ने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के 24 उपयंत्री को पंचायत उप निर्वाचन में उपयोग होने वाली ईव्हीएम के एफएलसी कार्य में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही पत्र प्राप्ति के तीन दिवस में जवाब चाहा गया है।उपयंत्री मुकेश शिवहरे, श्यामदत्त पाठक, सुरेन्द्र सिंह, श्रीकांत उपाध्याय, राजेन्द्र कुमार जैन, रविन्द्र त्रिपाठी, अरविन्द परमार, श्रीरंग सोनी, राकेश अरजरिया, रजनीश जैन, संजीव जैन, अनिल सक्सेना, अमोल सिंह यादव, भरत सिंह घोष, प्रवीण सोनी, संतोष जगवानी, आनंदी प्रजापति, इसराज खान, समीम खान, श्रीराम लोध, प्रशांत वर्मा, अजय तिवारी, अरविन्द त्रिपाठी और राजनारायण मिश्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

## नगर परिषद रन्नौद में लड़ली बहाना योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए

**संवाददाता प्रदीप जैन (पिंटू) रन्नौद**

रन्नौद नगर के वार्ड क्रमांक सात में लाड़ली बहना योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए गए डोर टू डोर जाकर मध्यप्रदेश सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना जो की महिलाओं के हितों को ध्यान में रख कर बनाई गई है उसका लाभ प्रत्येक महिला को मिल सके इस उद्देश्य से लगातार नगर परिषद रन्नौद की वार्ड क्रमांक सात से पार्षद श्रीमति पुष्पा स्वर्गीय श्री भानु प्रकाश शर्मा जी के निर्देशन में पूरी टीम के सहयोग से निरंतर कार्य चल रहा है मेरा वार्ड मेरा परिवार के रूप में नगर के वार्ड में मध्यप्रदेश शासन की योजनाओं की डोर टू डोर जाकर दी गई जानकारी

# अर्पित गुप्ता बने गुप्ता एकता मंच के युवा प्रदेश प्रभारी

**पुष्पांजली टुडे न्यूज नेटवर्क**

**ग्वालियर-** समाज ने जो जिम्मेदारी दी है उस पर खरा उतरूंगा।यह बात गुप्ता एकता मंच श्री अयोध्यावासी वैश्य समाज समिति के नवनियुक्त युवा प्रदेश प्रभारी अर्पित गुप्ता ने कही।आपको बता दें कि संस्थापक राकेश गुप्ता जी,मुख्य संरक्षक राजेश गुप्ता जी,युवा प्रदेशाध्यक्ष शुभम गुप्ता अनुशंसा पर व गुप्ता एकता मंच श्री अयोध्यावासी वैश्य समाज समिति के प्रदेश अध्यक्ष ब्रज गुप्ता के द्वारा अर्पित गुप्ता को समाज मे युवा प्रदेश प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।साथ ही यहां बताना मुनासिब होगा कि अर्पित गुप्ता जी कई वर्षों से देश के चौथे स्तम्भ पत्रकारिता से जुड़े हैं जिस दौरान वह कई समाचार पत्र



व न्यूज चैनलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और वर्तमान में वह पुष्पांजली टुडे जनकल्याण फाउंडेशन में राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं साथ ही प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ में प्रदेश महामंत्री,श्रमजीवी पत्रकार संघ में नगर अध्यक्ष दबोह आदि दायित्वो को बखूबी सम्भाल रहे हैं।साथ ही वह द हिन्द टुडे न्यूज चैनल के हैड व पुष्पांजली टुडे समूह में बतौर उपसम्पादक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।अर्पित गुप्ता जी की एक लेखक भी हैं।जिसके चलते उन्हें मप्र,उप्र समेत हरियाणा,राजस्थान,गुजरात आदि राज्यो में भी सम्मान मिला है।अर्पित गुप्ता जी समाजसेवा के क्षेत्र में भी कई सम्मान प्राप्त कर चुके हैं।वह समय समय पर गरीबो की मदद व जन जागरूकता के कार्यक्रम भी आयोजित कर चुके हैं।समाज में इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने समाज के वरिष्ठजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है उसका निर्वाहन वह बखूबी करेंगे और सदैव समाज को आगे बढ़ाने व समाज हित के कार्य करते रहेंगे।अर्पित गुप्ता को युवा प्रदेश प्रभारी बनाये जाने पर समाज के लोगो ने व उनके मित्रमंडल ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### थाना चीनौर व करहिया पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

# पुलिस ने किसानों के ट्रेक्टर लूटने वाले तीन शातिर लुटेरों को लूटे गये ट्रेक्टर व ट्राली सहित किया गिरफ्तार

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। थाना प्रभारी चीनौर को जरिये मुखविर सूचना मिली की एक संदिग्ध कार में

**पकड़े गये शातिर लुटेरों से पुलिस द्वारा लूटे गये दो ट्रेक्टर तथा घटना में प्रयुक्त कार को किया जप्त।**

कुछ व्यक्ति बैठे हुये हैं, जो कि किसी बारदात करने की फिराक में है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चन्देल,भापुसे द्वारा उक्त सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु अति.पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री जयराज कुबेर को निर्देशित किया गया। बारंगे के मार्गदर्शन में थाना चीनौर एवं थाना करहिया पुलिस की संयुक्त टीम को मुखबिर सूचना की तस्दीक करने हेतु भेजा गया। पुलिस टीम उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंची तो देखा कि एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार में तीन संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुये थे, उक्त तीनों संदिग्धों से पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में उनके द्वारा



पुलिस टीम को गुमराह करने का प्रयास किया गया, उनकी संदिग्धा को देखते हुए बारीकी से पूछताछ करने पर तीनों संदेरियों ने थाना चीनौर के अप क्र 91/23 धारा 394,450,34 ताहि 11/13 म.प्र. डकैती अधिनियम में फरियादी अरविन्द यादव के साथ दिनांक 24/25.05.2023 की दरम्यानी रात फरियादी को खटिया से हाथ पैर बांधकर लूट की बारदात कारित करना स्वीकार किया। पकड़े गये आरोपियों की निशादेही पर उक्त घटना में लूटे गये ट्रेक्टर स्वराज 855 लाल रंग मय ट्राली को जप्त किया गया। आरोपियों से थाना करहिया के अप क्र 106/23 धारा 379 ताहि मे चोरी किये गये ट्रेक्टर महिन्द्रा 265 लाल रंग के संबंध में पूछताछ करने पर वह भी आरोपियों की निशादेही पर जप्त किया गया। उक्त घटनाओं के दौरान उपयोग में लायी गई एक स्विफ्ट डिजायर सफेद रंग की कार को जप्त किया गया।



पुलिस टीम को पूछताछ में ज्ञात हुआ कि उक्त घटनाओं में कुल पांच आरोपी सम्मलित थे जिनमें से पुलिस द्वारा तीन को कार सहित गिरफ्तार किया गया और उनके दो अन्य साथियों की तलाश की जा रही हैं

**बरामद मशरूका-**

एक स्विफ्ट डिजायर सफेद रंग, ट्रेक्टर स्वराज 855 लाल रंग मय ट्राली, ट्रेक्टर महिन्द्रा 265 लाल रंग जप्त किया गया।सराहनीय भूमिकाः उनि राजीब विरथरे थाना प्रभारी चीनौर, उनि अजय सिकरवार थाना प्रभारी करहिया, सउनि बनवारी लाल सेन, आर बागीश यादव, आर विजय कुमार, आर. राजेश प्रजापति, आर. संजय शर्मा, आर. शिवम गुप्ता, मआर पूनम श्रीवास्तव की सराहनीय भूमिका रही।

### क्राईम ब्रांच एवं थाना कम्पू पुलिस की संयुक्त कार्यवाही

# हनी ट्रैप के मामले में फंसाकर ब्लैकमेलिंग करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** फरियादी घनश्याम मिश्रा निवासी डीडी नगर ग्वालियर ने अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर पैसे वसूलने के संबंध में एक शिकायती आवेदन पत्र दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक शहर(पश्चिम) श्री गजेन्द्र सिंह वर्धमान एवं सीएसपी लश्कर/डीएसपी अपराध श्री षियाज़के.एम.,भापुसे को क्राईम ब्रांच व थाना कम्पू की संयुक्त टीम बनाकर उक्त शिकायती आवेदन पत्र की तस्दीक कर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में सीएसपी इन्दरगंज श्री विजय भदौरिया एवं डीएसपी अपराध द्वितीय श्री संदीप मालवीय के मार्गदर्शन में क्राईम ब्रांच व थाना बल की संयुक्त टीम को उक्त शिकायती आवेदन पत्र पर कार्यवाही करने हेतु लगाया गया। पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त घटना के आरोपियों की थाटीपुर एवं मुरार क्षेत्र में तलाश की गई। दिनांक 07/08/06.2023 की दरमियानी रात मुखबिर सूचना के आधार पर उक्त घटना के तीन आरोपियों को पुलिस टीम द्वारा जेएएच अस्पताल के पीछे लक्ष्मन तलैया नाले के पास,नया बाजार से पकड़ लिया गया, पकड़े गये आरोपियों में दो पुरूष व एक महिला आरोपी है। पकड़े गये आरोपियों के पास से पुलिस टीम द्वारा 31,500/- रूपये नगद जप्त किये गये। पूछताछ में आरोपियों द्वारा फरियादी को हनी ट्रैप में फंसाकर ब्लैकमेल करना स्वीकार किया।ज्ञात हो कि फरियादी घनश्याम मिश्रा निवासी डीडी नगर ग्वालियर ने ब्लेकमेल कर पैसे वसूलने के संबंध में शिकायती आवेदन पत्र दिया था। जिसमें उसने बताया था कि वह एक व्यक्ति द्वारा बिछाये जाल में फँसाया गया है, उसे एक लड़की ने किसी अस्पताल में नौकरी करने का बता कर व्हाट्सएप पर चेटिंग शुरू की और दिनांक 31.05.23 को मुझे मिलने के लिये दाल बाजार तिराहे पर बुलाया और कहा आप मेरे घर चलिये जहाँ एक कमरे में वह मुझे ले गयी और जबरदस्ती कपड़े उतारने लगी वहाँ पर मौजूद एक दूसरी औरत जो वहाँ पहले से मौजूद थी उसने भी मेरे साथ गंदी हरकत की तभी लगभग 5 मिनट में दो व्यक्ति उक्त कमरे में आये और मेरा विडियो बनाया और फिर पैसों की माँग करने लगे न देने पर बलात्कार का केस लगाने की व विडियो घर पहुंचाने की धमकी देने लगे। उन्होने एक लाख रुपये दिनांक 31.05.23 को जेएएच हास्पीटल के पुल के पास मुझसे लिये। दिनांक 06.06.23 को दीनदयाल नगर में पहुंचकर मुझसे कहा कि आप मुझे और पैसे दो नहीं तो ठीक नहीं होगा फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कम्पू में आरोपियों के खिलाफ अप0क्र0 252/23 धारा 384,389 भादवि का पाये जाने से कायम कर विवेचना में लिया गया।

**सराहनीय भूमिका-**

**- थाना प्रभारी कम्पू निरी. दीपक यादव थाना कम्पू टीमः- उनि अमर सिंह रायकवार, म.आर दीपिका राजावत, आर मनीष रावत क्राईम ब्रांच टीम- उनि पूनम कटारे,**

### शिवपुरी पुलिस की गंभीर अपराधों मे कार्यवाही

# पुलिस थाना नरवर द्वारा लूट के दो नाबालिक आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटा गया माल किया बरामद

**नरवर,।** पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के द्वारा जिले मे घटित अपराधों के आरोपियों, बारंटियों, गुंडों, एचएस एवं अवैध गतिविधियों मे संलिप्त अपराधियों पर कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि क्षेत्र मे शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस ज्यादा से ज्यादा कार्यवाही करे एवं सक्रिय भूमिका रहे, अपराधों मे फरार चल रहे आरोपियों को खोज कर लाये एवं अपराधों का निकाल करें जिससे फरियादी को न्याय मिल सके । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशों के पालन मे व अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एसडीओपी करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन मे कार्यवाही करते हुये पुलिस थाना नरवर द्वारा लूट के अपराध का खुलासा करते हुये दो नाबालिक आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटा हुआ माल बरामद किया गया है ।दिनाँक 22.05.23 को फरियादी बलराम राजपूत निवासी ग्राम सोन्हर थाना अमोला द्वारा थाना नरवर आकर रिपोर्ट किया कि वह नरवर के एसबीआई बैंक से दो लाख तीन हजार रूपये निकाल कर बेग मे लेकर अपने घर ग्राम सोन्हर स्कूटी से जा रहा था । फरियादी जैसे ही पारागढ़ तिराह नरवर के पास पहुंचा तो उस सूनसाम रास्ते पर दो अज्ञात लोग मोटर साईकल पर आये और फरियादी से उसका बेग मय रूपयों के लूट कर करैरा तरफ भाग गये । उक्त सूचना पर से थाना नरवर पर दो अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध थाना नरवर ने अपराध क्र 129/23 धारा 392 भादवि 11/13 एमपीडीपीके एक्ट का कायम कर विवेचना मे



लिया गया । उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा घटना का खुलासा कर आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया । घटना के वाद नरवर पुलिस द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया, पुलिस द्वारा रास्ते के सभी सीसीटीव्ही कैमरों की जांच कर साक्ष जुटाए एवं सायबर सेल की मदद लेते हुये घटना स्थल की सीडीआर निकाला गया । उक्त सूचनाओं के आधार पर आज दिनांक 08.6.23 को सीसीटीव्ही फुटेज तथा मुखविर सूचना के आधार पर ग्राम प्रकाश नगर जिला दतिया से मय माल के नावालिक दो आरोपियों को पकड़ा गया है एवं पूछताछ करने पर उक्त दोनों आरोपियों द्वारा घटना को कारित करना स्वीकार किया है । उक्त आरोपियों की निसादेही पर पुलिस ने लूटा गया माल व घटना मे प्रयुक्त मोटर सायकल को वरामद किया गया है ।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी नरवर निरीक्षक आलोक सिह भदौरिया, उनि भूपेन्द्र सिह परमार , सउनि अरविन्द सगर , प्र.आर. 891 डैनी कुमार व प्र.आर. 689 वीरेन्द्र आर. 944 सचिन यादव, आर. 321 महेन्द्र कुशबाह व आर. 112 हुकुम सिह व आर चालक 942 राजवहादुर की सराहनीय भूमिका रही है

# हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा



दैनिक पुष्पांजली टुडे

**ग्वालियर वार्ड 21 में मेला दुल्लपुर , कुशवाह मोहल्ला, न्यू विवेक नगर पोला वाली गली में घर घर जाकर जनसंपर्क किया द्य यात्रा कांग्रेस पार्टी के विधायक डॉ सतीश सिकरवार जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी गण ,पार्षदगण,महिला कार्यकर्ता , और देव तुल्य कार्यकर्ता के द्वारा निकाली गई**

# ग्राम पंचायत खोड मे मुख्यमंत्री लाडली बहना 2023 के सम्बंध में ग्राम सभा की बैठक का आयोजन किया

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**
**पिछोर,खोड़**

प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जनपद पंचायत पिछोर की ग्राम पंचायत खोड़ मे मुख्यमंत्री लाडली बहना 2023 के संबंध में ग्राम सभा की बैठक का आयोजन किया गया सचिब सुरेन्द्र शर्मा ने सबसे पहले लाडली बहना सूचि का बाचन किया इसके पश्चात मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया।जो महिलाए अभी भी पोर्टल पर डी बी टी इनेवल नही दिख रही है उनकी जानकारी सचिव द्वारा दी गई। महिला बाल विकास सुपर वाईजर नीतू गुप्ता ने खेल एवं युवक कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के संदेश का वाचन किया गया बैठक में निरासा,पान कुवर,लीलावती,मिथलेश,कलावती एवं पिस्ता को लाडली बहना के स्वीकृति पत्र वितरित किये ग

# विद्यालयों का वातावरण अच्छा होना चाहिए: डीपीसी त्रिपाठी

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार शिवपुरी जिला परियोजना समन्वयक अशोक त्रिपाठी द्वारा गतदिवस सरस्वती शिशु मंदिर में शासकीय एवं अशासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रभारी प्राध्यापक तथा हेडमास्टरो की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।बैठक के दौरान डीपीसी अशोक त्रिपाठी द्वारा पिछोर में कुल 10 जन शिक्षा केंद्रों में 350 प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शाला प्रभारियों की बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय खुलने से पूर्व सभी शाला प्रभारी स्कूलों की मूलभूत सुविधाएं जैसे रंगाई पुताई, साफ सफाई सहित स्कूल संचालित से पूर्व की सभी तैयारियां पूर्ण करें, शौचालय की साफ सफाई हमेशा होनी चाहिए। पीने के पानी की समुचित व्यवस्था करें, जो भी बच्चे शाला त्यागी हैं बीच में पड़ना छोड़ दिया उन बच्चों को शाला में प्रवेश कराएं। कोई बच्चा स्कूल से प्रवेश से वंचित ना




हो, पुस्तको का वितरण भी प्रवेश के साथ ही किया जाए। उन्होंने कहा कि कक्षा पांच एवं आठवीं कि पुनः परीक्षा के लिए बच्चों की क्लास लगा कर तैयारी कराई जाए। गणवेश एवं साइकिल वितरण में जो छात्र पात्र हो उनकी सूची समय पर तैयार की जाए, ताकि इसका लाभ समय पर मिल सके। समीक्षा बैठक का कार्यक्रम दो पालियों में रखा गया जिसमें प्रथम पाली में पांच जनशिक्षा केंद्र पिछोर बालक उत्कृष्ट विद्यालय, कन्या उच्च. मा. वि.करारखेड़ा, बामौर, मलावनी तथा समय 10 बजे से 11.30 तथा द्वितीय पाली में बीरा, पडोरा,खोड़, भौंती मनपुरा, जिसका समय 12 बजे से 01.30 बजे तक रखा गया। समीक्षा बैठक में अरविन्द झा समर कैंप डिस्ट्रिक कॉर्डिनेटर, रामकिशोर सोनी प्रभारी बीआरसीसी, सुरेश शर्मा बीएसी, रामरतन सगर बीएसी, अनिल श्रीवास्तव प्रभारी बीएसी, सुधीर लिटोरिया तथा अनूप गुप्ता आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बीएसी सुरेश शर्मा द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन प्रभारी बीआरसीसी रामकिशोर सोनी द्वारा किया

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1120
10×4 cm 1400
12×4 cm 1680
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन
साइज फिक्स रूपये
8×4 cm 1050
अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478